दिनांक	सदस्य संख्या	दिनांक	सदस्य संख्या

भक्तमाल सटीक॥

بهگت مال سٹیک

श्रीनाभादास कृत॥

जिसमें

रामानन्द कबीरदास नामदेव ध्रुव मीराबाई रैदास सुलतानबादशाह सधनकसाई इत्यादि भगवद्भक्त महात्माओं की कथा अत्युत्तम वर्णित है॥

और

परमभक्त श्री महाराज नाभादास जीने टीकामें अनेक अनेकग्रंथोंके श्लोकादिकोंसे दृष्टान्त दिये हैं॥

वही

सम्पूर्ण भगवद्भक्त साधु महात्माओंके उपकारार्थ बड़ी शुद्धता पूर्वक

प्रथम बार

स्थानलखनऊ

मुंशीनवलकिशोरकेछापेखाने में छापीगई

फरवरी सन्१८८३ ई०॥

बिज्ञापन ॥

इस महीने अर्थात् फरवरी सन् १८८३ ई० पर्यन्त जो पुस्तकें बेचने के लिये तैयार हैं वह इस सूचीपत्र में लिखी हैं और उनका मोल भी बहुत किफ़ायत से घटाकर नियत हुआहे परंतु ब्यापारियों के लिये और भी सस्ती होंगी जिनको ब्योपारकी इच्छाहो वह छापेखाने के मुहतमिम अथवा मालिक के नाम ख़तभेजकर क़ीमत का निर्णय करलें ॥

नामकिताब	नामकिताब	नामकिताब
भाषा (इतिहास)	हरिबंश पर्ब	रामायण कबितावली
महाभारत	म०भा०पर्बअलेहदाभीहैं	रामायणगीतावलीसटी
१ पहिले हिस्सामें	रामायणरामबिलास	बिनयपत्रिका बा० मो०
आदिपर्ब, सभापर्व	रामायण तुलसीकृत	बिनयपत्रिका बा० शि०
बनपर्ब	रामायण सटीक मय	लिङ्गपुराण
२ दूसरे हिस्सामें	मानसदीपिकाकोषआदि	बिष्णु पुराण
बिराटपर्ब, उद्योगपर्ब	तथाजिल्दबंधी	गरुड़पुराण प्रेतकल्प
भीष्मपर्ब, द्रोणपर्ब	तथामोटेअक्षरोंकी	ब्रह्मोत्तर खण्ड
३ तीसरे हिस्सामें	मयतसवीर व क्षेपक	**वैद्यक भाषा**
कर्णपर्ब, शल्यपर्ब	रामायण तुलसीकृत	निघंटु
गदापर्ब, सौप्तिकपर्ब	सातोंकाण्ड	अमरबिनोद
ऐषिकपर्ब, बिशोकपर्ब	१ बालकांड	वैद्यजीवन
स्त्रीपर्ब, शान्तिपर्बमें	२ अयोध्याकांड	औषधिसंग्रहकल्पवल्ली
राजधर्म आपदधर्म,	३ आरण्यकांड	अमृतसागर बड़ा
मोक्षधर्म	४ किष्किन्धाकांड	तथा छोटा
४ चौथे हिस्सामें	५ सुन्दरकांड	वैद्यमनोत्सव
शान्तिपर्ब, दानधर्म	६ लंकाकांड	माधवनिदानसंस्कृत
अश्वमेध, आश्रमबासिक	७ उत्तरकांड	**नाटक**
पर्ब, व मौशलपर्ब	रामायण शब्दार्थ कोष	प्रबोधचंद्रोदय
महाप्रस्थान पर्ब	रामायणका इतिहास	रामाभिषेक
स्वर्गारोहण पर्ब	रामायणमानसदीपिका	आनन्द रघुनन्दन

श्रीगणेशायनमः ॥

अथ भक्तमाल सटीक ॥

अथ टीकाकर्त्ताको मङ्गलाचरण लिख्यते ॥

श्री मन्निरञ्जना चार्य्यायनमः ॥ तहां अर्थ भक्तमाल में लिख्योहै भक्तभक्ति भगवन्त गुरु चार रूप लिखेहैं तहां हरिकोस्वरूप नहीं लिख्योजाय तापैराजा को चित्रकारकोदृष्टांत ॥दोहा॥ लिखन बैठिजाकीछबी गहिगहि गर्व गरूर ॥भये न केतेजगत के चतुर चितेरे क्रूर १ चित्र चितेरो जो लिखै रचिपचि मूरतिलाल । वहचितवनि वह मुरि चलनि कैसे लिखै जमाल २ दृग पुतरीलौं श्यामवह लिख्योकौन पै जाय।जग उजियारी श्यामता देखोजीय लगाय । कोटिक्षानुजोकगबैतकुउआसनहोय॥तनकश्याम की श्यामता जोदृग लगी न होय । मोहन जग व्यौहार तजिबणिज करोयहिहाट। पीवपदारथ पाइये जियकौड़ी के साट ५ छबि निरखत अति चकित ह्वै दृग पुतरी ब्रज बाम।किरम उठी बैठी चुहट कियो गौरतनश्याम॥पद॥ मैयादाऊजीमोहिं बहुत खिझायो॥ मोसों कहत मोल कोलीयोतू यशुदानहिं जायो॥ नंदहुगोरो यशुदहुगोरी तू कित श्यामशरीर। तारी दैदै ग्वाल नचावैं सिखवत हैं बलबीर। सिखवन दै बलबीर चवाई मिथ्यावादी धूत ।सूरदास मोहिं गोधनकी सौं मैं जननी तू पूत ६ संभोहर्गोतंघे॥ फुल्लेन्दीवरकांतिमिन्दुवदनं बर्हावतंसप्रियं श्रीवत्सांकमुदारकौस्तुभधरंपीतांबरंसुंदरं॥गोपीनांनयनोत्पलार्चिततनुं गोगोपसंघावृतं गोविंदंकलवेणुवादनपरं

दिव्यांगभूषंभजे ७ ॥ दोहा॥ प्रेम चितेरे की सुमति कापै बरणीजाय॥मोहन मूरतिश्यामकी हियपटलिखीबनाइ ८ तीक्ष्ण बरुनी बाण सों वेध्यो हियो दुसार ॥ जालरंध्र कीन्हों मनों प्रेमीघट अँधियार ९ लिखिस्वरूप चित को दियो लियोहियेसोंलाइ ॥ चित्र कार परवारितन रह्यो पाइलपटाइ १॥कवित्त॥श्यामताउज्यारी मुखमुरलीअधर धारी रूपमतवारीआखैं रूपतांकि रहीहैं। केशखैंचि बां-ध्यो जूड़ा वेसमनमांझचूड़ा प्रेमछबिपूराद्युति चंद्रिकासुब-हीहै॥अलकैं कपोलनिपै कुटिलआईंपुटमानों घटलेत हिये कछुवैसियेबहीहै। श्रीगोविंदचन्द जूको चित्रलिखि चित्र दियो बड़ई विचित्रनिकी मति अति गहीहै १॥पद॥नमो नमो श्रीभक्ति सुमाल । जाकेसुनतमहा तम नाशत उर झलकत राधानँदलाल। गद्गदसुरपुलकित अँगअंगन लो-चन बरषत अँसुवनजाल। उतरिजात अभिमान व्यालवि-ष लेतनिवाइ सुरसतिहि काल । होति प्रीति हरिभक्त जनन सों लेतसीतहठि चरणप्रक्षाल । तजतकुसंग लेतसत संगति भाग जगत कोउ अद्भुतभाल। निशिवासरसोवत अरुजागत रोम रोमहू करत निहाल। श्री अग्रन रायन दास प्रिया प्रिय प्रगटी जीवनि रसिकरसाल ३ हरिको स्वरूप प्रेम रूपी चित्रकार सों लिख्योजाइ और सों नहीं महाप्रभुविशेष काहेते जीवहरिसों विमुख सन्मुख आवैजय प्राप्तहोइ १ ॥ गीतायां॥ दैवीह्येषागुणमयीमम मायादुरत्यया ॥ मामेवयेप्रपद्यंतेमायामेतांतरंतिते२ ॥ चैत-न्यभागवते॥ एतेचांशकलापुंसःकृष्णस्तुभगवान्स्वयं॥इंद्रा-दिव्याकुलंलोक मृडयंतियुगेयुगे ३ मनहरन अक्षर सो कामधेनुहै॥ राधाचरणदीपिकायां ॥ दृष्टःक्वापिचकेशवो व्रज वधूमादायकांचिद्गतः सर्वाएवविमोचितासखिवयं सोन्य पणीयोयदि ॥ द्वौद्वौगच्छतमित्यदीर्घसहसाराधांगृहीत्वा करे॥गोपीवेषधरोनिकुंजभवनं प्राप्तोहरिःपातुवः ३ सखी मनहरण॥ कवित्त ॥ आजु मनमोहनसोंमोसों ऐसी होड़

परी और इनआखिनसों कहाधौंविशेषिये। दर्पण निहारि कान्ह कही मेरे बड़नैन हांकही इनजुतव बोलीहैं हृतेषिये। दीरघ ठरोर हग मेरो राधा कुंवरिके हैं कैसा करि जानोंबलौढिगलाइपेषिये। आयेहैं हरावोइन्हैं अहोयेहोबलिगई एकवार आंखिन सों आखैं माहिंदेखिये ४ जैसीनित रहतिहै तैसी अखियाहैं मेरी इनकी अनैसी अरु नईभयेतेषिये। चित्तजेचढ़ीहैं प्यारी दीसत न उजियारी ताहीकेनलअहोमांहि अवरेषिये। होंहूं जानति हौंदोऊसम कैसे ह्वैहैं हैतें वारि किये प्रेमसों विशेषिये। जितघट ह्वैहै तित जोर है सुजान कान्ह कैसे ऐसीआंखिनिसों आंखैं माहिं देखिये ५ मीनसम रघरात उघर हुर कछुपात बामन मनहरि बेतैंनिह्वैकेहेरे हैं। नेकुन निहारै हिय फारे वाराहसम अरिबेते परसुराम फिरतन फेरे हैं तीछण नृसिंह नखबोधक अबोलिबेतैंतारिबेतैं राघवगुलाब चि त्तनेरेहैं। मोहिबेतें मोहन अकलंक बिन निहकलंक दशौ अवतार किधौं प्यारी नैन तेरे हैं १ वृन्दावन मनहरणपै ॥ श्लोक ॥ कृष्णोन्योयदि संभूतो यस्तु गोपेन्द्र नंदनं। वृंदावनं परित्यज्य पादमेकं न गच्छति बर्हापीडंनटवरवपुःकर्णयोःकर्णिकारं बिभ्रद्वासः कनककपिशंवैजयंतींचमालां ॥ रंध्रान्वेणोरधरसुधयापूरयन्गोपवृंदैर्वृन्दारण्यंस्वपदरमणंप्राविशद्गीतकीर्त्तिः ३ ब्रजबासी मनहरणपै॥ भागवते ॥ अहोभाग्यमहोभाग्यं नन्दगोपब्रजौकसां ॥ यन्मित्रंपरमानंदं पूर्णंब्रह्मसनातनं ४ साधमनहरणपै ॥ भागवते ॥ निर्पेक्षंमुनिंशांतं निर्वैरंसमदर्शनं ॥ अनुब्रजाम्यहंनित्यं तेपूयत्यंघ्रिरेणुभिः ५ ॥

अज्ञानरूपन कवित्त ॥ महाप्रभुकृष्णचैतन्यमनहरणजूके चरण को ध्यानमेरे नाममुखगाइये । ताही समय नाभा जीने आज्ञादई लईधारि टीका बिस्तारिभक्तमा-

ल की सुनाइये। कीजियेकवित्तबंद छंदअतिप्यारो लगै जगै जगमाहिं कहिबाणी बिरमाइये। जानों निजमति येपैसुनोभागवतशुकद्रुमनप्रवेशकियोऐसेईकहाइये १ ॥

टीका को नाम स्वरूप वर्णन ॥

भगवान कह्योमैंभक्तनको ऋणियांहौं यातेइनकी चरण रेणु मैं शिरपरधारोंहौं क्योंकि मेरो अपराधमिटै ६ ॥ गीतायां ॥ येयथामांप्रपद्यन्ते तांस्तथैवभजाम्यहं ॥ छेदारागारपुत्राप्तान् १सो कहीपै बनीनहीं क्योंकि इन्होंनेघर-बार पतिपुत्रादिकुल धर्म सबछोड़ अरमोते कछू न छूयो यातेश्रौं इनकोऋणियांहौंयातेबिचारो इनहीं की चरण रेणुशिरपरधारोंतबमेरोअपराध मिटैगोसोयातेधारोहौं ८ ध्यानमेंरेनामसुखगाइये९ तहांदोऊकैसेबनैं॥श्लोक॥ इंद्रियाणांलयोध्यानः तापैदृष्टांत सिद्धके हैंरूपइन्द्रिनको १०ताहीसमय॥ दोहा ॥पायलपाइलगीरहैलगैअमोलकलाल॥भोडरहूकीभासिहै बेंदीभामिनिभाल १सुनाइये॥ सनत्कुमारवाक्ये ॥ सर्वापराधकृदपि मुच्यतेहरिसंश्रयः॥ हरेरप्यपराधन्यं कुर्याद्द्विपदपांसनः २॥ आगमे ॥ यानैर्वापादुकाभिर्वा गमनंभगवद्गृहे ॥ देवोत्सवाद्यसेवाच अप्रनामस्तदग्रतः ३ उच्छिष्टेवाप्यशौचेवाभगवद्वन्दनादिकं ॥ एकहस्तप्रणामश्चतत्पुरस्ताप्रदक्षिणं ४ यादप्रसारणंचाग्रे तथापर्यंकबंधनं॥ शयनंभक्षणंचापिमिथ्याभाषणमेवच ५ उच्चैर्भाषामिथोजल्पो रोदनानिचविग्रहः॥ निग्रहानुग्रहौचैव न्हणुचाक्रूर भाषणम् ६ कंबलावरणंचैव परनिंदापरस्तुतिः ॥ अश्लीलभाषणंचैव अधोवायोर्विमोक्षणं ७ शक्तौ गौणोपचारश्चअनिवेदितभक्षणं ॥ तत्तत्कालोद्भवानांच फलादीनामतर्पणं ८ विनियुक्तावशिष्टस्य प्रदानंव्यजनादिके ॥ पृष्टीकृत्वासनंचैव परेषामभिवादनं ९ गुरौमौनंनिजस्तोत्रं देवतानिंदनंतथा ॥ अप-

राधास्तथाविष्णोर्द्वात्रिंशत्परिकीर्तिताः १० नामाश्रयः कदाचित्स्यात्तरत्येवसनामतः ॥ नाम्नोपिसर्वसुहृदोह्य पराधात्पतत्यधः ११ ॥ नाभाछप्पै ॥ गुरुअवज्ञाकरैसाधु निंदाविस्तारै। शिवको निंदाकरैब्रह्मभेद बिचारै ॥नाम बल करि अपराध नाम परतीपनजानै। वेदनिशास्त्रउलंघि आप मनको मतठानै ॥बिनश्रद्धा उपदेश औरठगिआयो पोषै। निजद्रुंहिन के हेत चेत परि पिरडहु सोषै ॥ ये दश अपराध तजिदेहते साध संगति मेरलिमिलै। ततवेत्तातिहुं लोकमें राम नाम तोको फलै १२ ॥ गीतायां ॥ मूकंकरोतिवाचालं पंगुंलंघयतेगिरिम् ॥ यत्कृपातमहंवंदे परमानंद माधवं १ कहाइयेपै ॥ दोहा ॥ संत कृपा रवि उदयते मिटै तिमिरअज्ञान ॥ हृदयसरोवर विमलह्वैफूलैहित बुधज्ञान २ श्रीभागवतकी सुबुधि कही कीरकलगान ॥ भक्तमाल अभिप्राय जो जानैसंतसुजान ॥३ ॥

रचिकविताईसुखदाईलगैनिपट सुहाईऔसंचाईपुनि रुक्तलैमिटाईहै। अक्षरमधुरताई अनुप्रासजमकाई अति छबिछाई मोदझरीसिलगाईहै। काव्यकीबड़ाईनिजमुख नभलाईहोतिनाभाजूकहाई यातेप्रौढ़कैसुनाईहै। हृदय सरसाई जोपैसुनियेसदाई यहभक्तिरसबोधिनीसोनाम टीकागाईहै ॥

रचिकविताईपै॥श्लोक॥ तद्ब्रह्मास्त्रवधपातकमन्मथारी चापांतकारिकरसंगमपायभीत्यारोपंधनुर्निजपुरप्रचरणाय नूनं देहंसुमोचरघुनंदनपाणितीर्थे ४॥ दोहा ॥ पियलखि सियकीमाधुरीत्वरतोरनकेचाइ॥ भोरैंधनुषउठाइकैतोरयो सहज सुभाइ ५ श्लोक ॥ कमठपृष्टकठोरमिदंधनुर्मधुरमूर्तिर सौरघुनंदनः॥ कथमधिज्यमनेनविधीयता मह्हतातपणस्तव दारुणः६ रचिबोनामरंगकोहै कविताकोकहारंगिबोची-

नकाढ़िलैबो यही कविताको रँगिबोहै१ सुखदाईसुहाई पुनरुक्त भई नाहीं सो कविता तीनि प्रकारकी शब्दचित्र अर्थचित्र शब्दार्थचित्र ॥सवैया॥ हटकेनरहैं भटके पलओट भइ मेरे नैननि सों बसिके। अटके उतही सटके मनलै नट के सेवटाटटकेरसके। लटके लट छोरनि सों लटके पटके न कटाछनकेकसके। मटके न छुटा छबिके झलकै न लगे दून चाहन के चसके ८ पीसौं भुकी रसना लै काज लखे गुणनाम समान तिहारे। नयनचले अति रूपरहे तुमता-हीतेनैनये नाम धरारे। संत विरुद्ध बच्यो अतिही जिय ते दुख नेकु टरै नहिंटारे। पाइ सुलच्छन राग अरे करकाहे को नंदलला भिझकारे १ दृगही तुम दाई अदाई बड़े अरु घूंघट माहिं रहे फँसिकै। रसना रस जानति तूनकछू मुखबैन कहेनहिंतें हँसिकै। भुजहौतुमभूलकरीदूतनोपिय प्यारेसों क्यौंन मिले गँसिकै। मन तू न मिल्योमनमोहन सों सबही के समान गये नँसिकै २ दोहा ॥ चष उपमा कमलासन आसन निज तन कीन ॥ बिमलज हृदय कमलकमलन को धूरि कमल मुखदीन३ वारों बलि तो दृगनि पर अलि खंजन मृगमीन ॥ आधो दृष्टि चितौनजि-मि कियेलाल आधीन ४ ॥कवित्त॥ कारेभपकारे रतनारे अनियारे सोहै सहज ढरारे मनमथ मतवारेहैं। लाज भरि भारे जो चपल अँनियारे तारे सांचेकेसे ढारे प्यारे रूपके उज्यारे हैं। आधी चितवनिही मैं आधीन कियेते हरिटोने सेवसीकरके लोने पनियारे हैं। कमल कुरंग मीन खंजन भँवर वृषभानुकी कुंवरि तेरे दृगनिपैवारेहैं ५ सचाईश्लोक॥ हरोहिमालयेशेते हरिश्शेतेचवारिधौ॥ आकाशेभ्रमतेसूर्याजानेमत्कुनशंकया ॥ वायसाःकिन्नभ चंतिकवयोनवदंतिकिम् मद्यपाकिन्नजल्पंति किन्नकुर्वंति योषितः ६ मृषागिरस्ताह्यसतीरसत्कथा नकथ्यतेयद्भगव न्नधोक्षजः॥ तदेवसत्यंतदुहैवमंगलं तदेवपुण्यं भगवद्गुणोदयं ७पुनिरुक्त दोहा। दोषनहीं पुनिरुक्तकी एककहतकपि

राज ॥ अर्थगहै पुनि अर्थको येकविगणके साज ॥ वारण
को तारण अहो बार न लागीतोहिं ॥ बार नकीजैहेप्रभो
वारण भटकन मोहिं ८ मनकी सचाई पाइकै उठिआये
प्रभुपास ॥ मनबांछितफलपाइकै हियमेंअधिकहुलास ९
मुखघटमेंतौहरिसदाबासकरैहैं ताकोचिंताकौनमधुकीहै
मधुरताईपै ॥ कबित्त ॥ करत कबित्त तुक दौरैमनदौरैज
हांऔरैऔरैऔरैजहांरसुठसांकरै॥ सौनैकीसी सांकरैये
मिश्रीकीसीकांकरैयेआकरसआकरैसुहाकरै निसाकरै।
सोंठिकीसी गांठैतुकगांठैतेऊगाठिको न सांठसोंलैआनी
काहू आकनिकोराकरै। दोऊते समान ऐसी जहानको
जमानोदेख्यो भोरभये बीत्यो षटपद पद्माकरै १ अंग
अंग औघटन घाटहै मनाबेको लालको लुभाहै याअधर
रसपानको। भौंहकीमरोरनिमें मोरसे परतजात त्यौरी
कीतरंगनि में निठुरता निदानको। जगन गहर मौन उ-
त्तर न याहहैकिहू ऐसीगरबीलीहै हठीलीवृषभानकी।
रिसकेप्रवाह रसकूलन बिदारैंजात नदीसी उमड़िचली
मानिनीके मानकी २ ॥अनुप्रास॥मदनतुकासीकिधौंराजैं
कुंदकासी मानोंकंजकलिकासी कुचनारीकेविकासीहै।
गांसीभरीहांसी मुखभासी मोहफांसीमद यौबनउजासी
नेहदियेकी शिखासीहै। जाकी रतिदासी रसरासीहै
रमासीकोकहै तिलोत्तमासी रूपसरनप्रकासीहै। काम
की कलासी चपलासी कबिनाथ किधौं चंपलतिकासी
चारुचंद्रचंद्रिकासी है ३ सोईमेरोबीर जोलैआवै बल-
बीर ताहिदेहौं दोऊचीर मेरो बिरहबटाइलै। अंजन
रूपाकेपीर रूपैनरूपायेपीर रूपाकरिरूपैतौ रूपाकर
रूपाइलै। मदनलग्यो हैघाइघाइसोकहौंरीघाइये रीमेरी
धाइ नेकमोहूतन धाइलै। देहरी घरधराइदेहरीचढ्योन
धाइ देहरीतनकहाथ देहरीलँघाइलै ४ काव्यकीबड़ाई
कबित्त॥यहैकबिताई जामें भरीसरसाईन्हु पदसुखदाई
अंकरचनासुहाईहै। जाकेढूंढ़िबेकोबड़ेरसिकप्रवीन मन

लीन भये रसमांझजवैजाइपाईहै। जैसेतीरगरडर निपट एकाग्रकरि आंधिआंखिमूंदिलखै तीरकुटिलाईहै। ऐसे वह बकाई निज प्रगटदिखाईदेति ताको न बड़ाई वा बकाईकी बड़ाई है॥ १॥

भक्तिस्वरूप॥श्रद्धाईफुलेलऔउबटनौंश्रवणकथामैलअभिमानअंगअंगनिछुटाइये।मननसुनीरअन्हवाइअंगुछाय दयानवनवसनपनसोंधौलैलगाइये । आभरणनामहरि साधुसेवाकरणफूल मानसीसुनथसंगअंजनबनाइये। भक्तिमहारानीकोशिंगारचारुवीरीचाहरहै जोनिहारिलहै लालप्यारीगाइये ॥

श्रद्धाईफुलेल भक्तिमहारानी को शृंगार आगमे॥ हरिभक्तिमहादेव्याः सर्वामुक्तादि सिद्धयः। भुक्तयश्चाद्भुतास्तस्याश्चेटिकावदनुव्रताः २ भागवते तत्सर्वं भक्तियोगेन मद्भक्तो लभतेऽञ्जसा॥ स्वर्गापवर्गं मद्धाम कथंचिद्यदि वांछति ३ तापैदृष्टांतरांकावांकाको ॥आगमे॥ आदौ श्रद्धा ततः साधुसंगोथ भजन क्रिया॥ ततोनर्थ निवृत्तिश्च ततो निष्ठारुचिस्ततः ३ अथा सक्तिस्ततोभावस्ततः प्रेमाभ्युदंचति॥ साधकानामिदं प्रेम्णः प्रादुर्भावे भवेत्क्रमात् ४ मैलअभिमान यातिविद्यामहत्वंच रूपयौवनमेवच यत्नेनपरितस्त्याज्याः पंचैतेभक्तिकंटकाः ५ पांचकांटेसोई पांचौमैल॥भागवते॥ नालंद्विजत्वंदेवत्वं ऋषित्वंवासुरात्मजाः॥ प्रीणनायमुकुंदस्यनवृत्तंनबहुज्ञता ६ नदानंनतपोनेज्या नशौचंनव्रतानिच प्रीयतेऽमलयाभक्त्याहरिरन्यद्विडंबनं ७ मननसुनीर न्हायवेमेंआनंदजैसेहीमननमें अंगौछादयामेंतीनगुणतेंछुटावै उबटनो अरुमैल श्रद्धाकथामनन॥नारदपंचरात्रे॥वैष्णवानांचयंकर्मदयाजीवेषुनारद॥श्रीगोविंदे पराभक्ति स्तदीयानां समर्चनंकर्णफूलपांचजातिके

जड़ाऊसोने के रूपेके रांगके काठके पै सुहाग पांचोही
में रहैं यातेकरैतौ दोऊकरै साधुसेवानबनिआवै तौप्रभु
कीसी उठाइधरै॥पद्म। अर्चयित्वातुगोविंदं तदीयान्नार्चयं
तिये॥नतेविष्णुप्रसादस्य भाजनंदांभिकाजनाः २ सतसंगपै
भागवते॥नरोधयतिमांयोगो नसांख्यंधर्मएवच॥नस्वाध्याय
स्तपस्त्यागो नेष्टापूर्तंनदक्षिणा ३ व्रतानियज्ञश्छंदांसिती
र्थानिनियमायमा यथावरुंधेसतसंगः सर्वसंगापहोहिमां ४
अथवाभक्तिके अंगभक्तिमालहीमें हैं श्रद्धासेवामेंगदाधर
भट कथा में परीक्षित मननसुचोरचतुरभुजदासकी कथा
सुनी ५ दयाकेवलरामसाटोघोटिमें उपड्यो ६ नवनगो-
पालदासजोवनेरी पनरामाआप्रवारन नामआभरणअंत
रूनिष्ट ७ हरिसेवारत्नावतीरानी ८ साधुसेवासदाव्रती
मानसीरघुनाथगुसाईं सतसंगग्वालभक्तः ९ चाहवारीम
धुगोसाईं १० ॥

भक्तिपंचरस ॥ शांतदास्यसख्यवात्सल्यऔशिंगा
रुचारुपांचौ रससार विस्तारनीकेगाये हैं टीकाको
चमत्कारजानौंगे विचारिमन इनकेस्वरूप मैंअनूपलै
दिखाये हैं । जिनकेनअश्रुपातपुलकितगातकहूंतिनहूं
कोभावसिद्धबोरेसोछकायेहैं । जौलौंरहैदूरिरहैविमुखता
पूरिहियौंहोयचूरिचूरिनेकुश्रवणलगायेहैं ४ पंचरससोई
पंचरंगफूलथाकिनीके पीकेपहराइबेकोरचिकैबनाइहै ।
बैजयंतीदामभाववतीअलिनाभानाम लाईअभिरामश्या
ममतिललचाईहै । धारीउरप्यारीकिहूंकरतमन्यारीअहो
देखौगतिन्यारीढरियाइनिकौआईहै ॥ भक्तिछबिभारता-
तैंनमितशिंगारहोत होतबशलषैजोईयातैंजानिपाईहै ५॥

भक्तिपंचरसपै॥ सोभक्तिकोस्वरूपक्रियात्मकहै सोक्रिया

हीतेजानीजाइहै ॥ भागवते ॥ देवानांगुणलिंगानामानुश्र विककर्म्मणां ॥ सत्वएवैकमनसोवृत्तिः स्वाभाविकीतुया १ अनिमित्ताभागवतीभक्तिः सिद्धेर्गरीयसी ॥ जरयत्याशुया कोशं निगीर्णमनलोयथा २ जैसेरसनमें इंद्रीस्वाभाविकी हीच लेहै ऐसेही समस्तइंद्री भक्ति में स्वाभाविकी लगैं याक्रियाते भक्तिजानीजाइहै सोभक्ति पंचप्रकार की जैसे ईषको रसखांड़बुरी मिश्री कंद औरास्वाद न्यारेन्यारे तत्व एक ३ शांतरस ॥ दोहा ॥ यमकरिमुहतरहठि परयो यहधरिहरिचितलाइ ॥ विषयतृषापरिहरिअजौंन रहरिकेगुणगाइ ४ दास्यरस ॥ दासनदासतिहारोस्वामी प्रभुमोतेनहीं कछुवैबनिआई । तेदुखठावनि मोदबढ़ावनि मोहित भोगकीनोंमदिराई । आपुहीमेंबिसरयो तिनमें पगितातेतहांतुम्हरीकोचलाई।पैआपअपनोजानिगहोन हिंजातिअहोतुम्हरीयेबड़ाई५ ॥कवित्त॥गुणनगहैहौंमन ठ्यारमैंबहैहौं तेरीढीलनदहैहौं पंचरंगकोपतंमें ।जितही कन्यावतहौ तितहीमैंआवतहौं ऐयैभुकिधावतहौं पवन केसंगमें। गयोभरिवाइ हरिउपरनरह्योआइ तातेथिन थांभयम्योथिरकनिकेरंगमें । हरैहरैऐचिनाथ कीजियेजू अपनीधानातरूअनाथ जातअनँगकीतरंगमें ६ सख्यरस करुणाभरनाटके ॥ एककहै असयत्नहिंकीजै । कृष्ण हारिकाजाननदीजै॥एककहैहौंलेहौंदांव ।कह्याभयोहुवै आयोरावर्एककहै आवनतौदेऊ।तबतुमदांवआपनोलेऊ वात्सल्य पद ॥ जोपै राखतहौ पहिंचानि। तौ वै बालक मोहन मूरति मोहिं मिलावो आनि। भली करी कंसा-दिक मारे सुरमुनि काजकियो। अब इन गाइन कौन चरावैभरि भरिलेत हियो। तमरानी वसुदेव गेहनी हम अहीरव्रजवासी। पठैदेऊमेरेलाल लड़ैते वारौं ऐसी हां-सी खानपान परधान विविधि सुख जो कोउ लाड़ लड़ा-वै तदपिसूर मेरो कुंवर कन्हैया गोरसही सुखपावै १ शृंगार रसकवित्त॥ सीखे रसरीति सीखे प्रीतिके प्रकार

सब सीखे केशवराइ मन मनको मिलाइबो। सीखे सोहैं खान नटिजान मुसकान सीखे सीखे सैनबैननि में हँसिबो हँसाइबो। सीखेचाह चाहसों जु चाह उपजाइबोकि जैसीकोऊ चाहै चाह तैसी चाह चाहिबो। जहां जहां सीखे ऐसी बातैं घातैं तातैं तब तहां क्यों न सीखे नेकु नेहको निबाहिबो २ ऊधौकहा कहिये जियकी तियकी न सीजान सँभारति हैं। परतासभलौ नहीं या जग में हमतौ अपने दिनटारतिहैं। मुखमीठो महाहिरदै कपटी बतियां छतियां नित जारतिहैं। हौं दास निदास तिहारौ रटणी येई बोल गुपालके शालतहैं ३ गहिबो आकाश पुनि लहिबो अथाह थाह अति बिकराल काल व्यालहि खिलाइबो। शैल शलघोर धारसहिबो प्रहार बान गज मृगराज लै हथेरिनि लराइबो। गिरिते गिरनपंथ अगिनिमें जरनि काशीमें करवटतन बरफलौंगराइबो। पीबौ बिष बिषम कबुल कबि नागरजू कठिन कराल एक नेहका निबाहिबो ४॥ दोहा ॥ नैनमूंदिमुखमूंदिकोधरौत्रिकुटी मधि ध्यान ॥ तब आपहि में देखिहौं पूरण आतम राम ५॥कवित्त॥ओढिबेको कंथाऔ रमाइबेकोभस्म अंग काननिमेंमुद्रा शिरटोपियांधरावैंगी। करमें कमंडल कर खप्पर भराइबे को आदेश आदेश करि शृंगीह्न बजावैंगी। कुबिजाको रिद्धिदईगोपनिकोसिद्धिदई फिरैंगी मसाननि मेंगोरखै जगावैंगी।एकबार ऊधवजू फेरि समझाइ कहौएती ब्रजबाला मृगछाला कहां पावैंगी १योगी जग तजै हम योगजग दोऊ तजैं योगी भषैं पौन हम पौनह्न तेहटहैं। योगीकर सींगी हम सींगी भईं श्याम बिन योगी लावै धूरिहमधूरिह्नतेलटिहैं। योगीछेदैंकान हमछेदैं हियोबेधे प्राण योगी ढूंढैदंडहमहरिदंडठटिहैं॥ आवनकीआश सुधिबीतिगईऊधोजोतोयोगीकीजुगतिते बियोगीकहाघटिहैं२सुखाइ शरीरअधीनकरैहगनीर की बूंदसौं माल फिरावै। नेहकोसैलोबियोग जटालिये आह

What a bad lesson for women

की सींगी संपूट बजावै। प्रेमकी आंचमें ढाढ़ीजरें सुधि आरालै आपनी देहधिरावै। सुजानकहैं कलाकोटि क-रौपै बियोगीके भेदको योगी न पावै ३ श्याम तन श्याम मन श्यामही हमारो धन आठौयाम ऊधौयहां श्यामही सों कामहै। श्यामहियश्यामजिय श्यामबिन नाहिंतिय आंधरेकी लाकरी अधार नामश्यामहै। श्यामगति श्या-मनति श्यामही प्रतापपति श्याम सुखदाई सो भुलाये घरधामहैं। तुमभयेबौरेयहां पाती लिये आये दौरे योग कहां राखैं हमरोम रोम श्यामहैं ४ रूसिरहौ हमसों तौहमैंनितही परि पाइंनि पाइंमनाइबो। बोलोन बोलौ हमैंनित बोलिबो चाहकरौनकरो हमैं चाहिबो। देखो न देखेदयाकरिप्यारे हमैंनितनैननितैंदरशाइबो। मानो न मानो हमैं यह नेम नयोनित नेहको नातो निबाहिबो ५ बिचार सन॥ तापै दृष्टान्त चित्रकी पुतरी को अरु खान-खानाको १ होइ चूरचूर॥ कवित्त॥ बेलै ते बिछुरिपान पर पाटिल ह्वैकै कसन कसाइ अंग छायनि नचतु है। बेशुमार दागिल ह्वै परत कतरनीमें पाइकै मरोरी बङ्क बिकनि बिकतुहै॥ सरस मसाले अनुमानके लै दियेबीच धरिकै चितौनी रस सचिकै पचतु है। एते परसखी सुख रसिक छायआये कहाचूरचूर भयेबिनारंग क्योंरचतुहै१॥

सतसंगप्रभाव ॥ भक्तितरुयोघाताहिबिघ्नडरछेरीहू कोबारदेबिचारबारसींचोसतसंगसों। लाग्योईबढ़नगोदा चहुंदिशिकढ़नसो चढ़नअकाशयशफैल्योबहुरंगसों॥ सं-तउरआलवालशोभितबिशालछाया जियेजीवजालताप गये योंप्रसंगसों। देखौबढ़बारिजाहि अजहूकीशंकाहुती ताहीपेंड़बांधेझूलैंहाथीजीतेजंगसों ६ ॥

सतसंग॥ भागवत॥ सतांप्रसंगान्ममवीर्यसंबिदोभवंति

हृतकर्णरसायनांकथाः। तज्जोषणादाश्वपवर्गवर्त्मनिश्रद्धा रतिर्भक्तिरनुक्रमिष्यति १ दोहा॥ दृष्टमिलैअरुमनमिलैमिलै भजनरसनीति॥मिलियैतहांनिशंकह्वै कीजैतिनसों प्रीति १ एककहैजागे लोचन घूमघुमारे॥ दूसरोकहै एकनिरंजनहै अविनाशी॥ दोहा॥ बहता पानी निर्मला बंधा गँधीला होइ॥ साधू जनरमता भला दाग न लागै कोइ २॥ वृं-न्दावन सतके॥मिलंतुचिन्तामणि कोटि कोटियः। स्व-यंवहिर्द्दष्टिसुपैतुवाहरी। तथापि वृन्दावन धूरिधूसरं न देह मन्यत्र कदापि यातुमे ३॥ कवित्त॥ वचन विलास में मिठास आइ बास करै हरै हृदय रोग भोग मानै जे जियारी के। नयेई जे जातजाति बातन सुहत नेकु पुलकत गात हग धारा जल न्यारी के॥ रूप गुण माते देह नाते जिते हातें होत सोतज्यों सलिल मन मिलत जियारीके। और सब संग हम संग के समान किये सोई सतसंग रंग बोरै लाल प्यारीके ४ सबहीतैं बड़ी छिति छितिहू ते बड़े सिंधु सिंधुहूते बड़े मुनि बारिध अचैरहे। तिनहूं ते बड़े नभतामैं मुनिसेअनेक तारा अरु दारायेन सबयन अ-छवैरहै॥ तिनहूं ते बड़े पगवावन बढ़ाये जब ताही की उचाई देखितीनोंलोक नैरहे। तिनहूं तें बड़ेसंत साहिब अगमें गम ऐसेहरि बड़े ताके हृदय घर कै रहे ५॥

नाभाजूकोवर्णनं॥ जाकोजोस्वरूपसोअनूपलैदिखाइ दियोकियोयों कबित्तपटमिहीमध्यलालहै।गुणपैअपारसा धुकहैआंकचारिहीमेंअर्थविस्तारिकविराजटकसारहै।सुनि संतसभाझूमिरहीअलिश्रेणीमानौं घूमिरहीकहैंयहकहाधौं रसालहै। सुनेहेअगरअबजानेमैंअगरसही चोवाभयेनाभा सोसुगंधभक्तिमालहै ७॥

चारहीमें॥ छप्पै॥ कहान सज्जननवत कहा मुनिगोपी

मोहित। कहादासकोनाम कवितमें कहियतकोहित॥ कोप्यारो जगमाहिं कहाचितलागैआवै। कोबासरही करै कहासंसारहिभावै॥ कहिकाहि देखि कायर कँपत आदिअंतकोहैशरन। यहउत्तर केशवदासदिय सबैजगत शोभाधरन १॥ कवित्त॥ चतुरबिहारीजूपै मिलिआई बालासात मांगतिहैं आजुकछु हमको दिवाइयै। गोद लैहौफूल दैहौनाकहि पहिराइमोती पोननकीपातरिझ ताथनहूंलाइयै। ऊंचेसेअवासके भरोखा बैठाइयेजू मेरी सेजप्यामआजु रतिपति ध्याइयै। ग्वालसमझाइबेको छ-त्तरसब दीन्होंएक उक्तिविशेषभांति वारीनहीं आइयै २ श्लोक॥ कोदुराशस्यमोहाय काप्रियाभुरविद्विषः। पदं प्रस्नवितर्कंकिंकोदंतः छदभूषणं॥ कोसुध्येहिविद्वन्सर्वेषा मथीनांरामानुरागइंदिरालोकमाता। मानुप्रस्नेचवितर्कं व्रजसवंतसिंघकोंरानीनेसिंगरफ कोमालिख्यो॥ तामें लालसाबांच्यो जैसेव्रजसुंदरीने पातीलिखी॥दोहा॥ तर भुरसी ऊपरगरी कज्जलजल छिरकाइ। पिय पातीबिन हीलिखी बांचीबिरह बलाइ ३ दृष्टांत गुलाब कौ औगु-लालाको ४॥

भक्तमालस्वरूप॥ बड़ेभक्तमाननिशिदिन गुणगान करैं हरैंजग पापजाप हियो परिपूरहै। जानिसुखमानि हरि संतसन मानसचैं बचेऊजगत रीतिप्रीति जानीमूर है। तऊदुराराध्यकोऊकैसेकैअराध्यसकैसमझोनजातमन कंपभयोचूरहै। शोभिततिलकभालमालउरराजैऐपैबिना भक्तिमालभक्तिरूपअतिदूरहै॥मूलमंगलाचरण॥ दोहा॥ भक्तभक्तिभगवंतगुरु चतुरनामबपुएक॥ इनकेपदबंदन करैनाशैबिघनअनेक १

भक्तिरूपअतिदूरिहै॥भागवते॥तत्कथ्यतांमहाभागयदि

कृष्णकथाश्रय: अथवास्यपदांभोजमकरंद लिहां सतां १ भक्तभक्ति मंगलाचरन तीनि प्रकार वस्तुनिर्देशात्मक गीतगोविंदे ॥ मेघैर्मेदुरमंबरं वनभुव: श्यामस्तमालद्रुमै र्नक्तं भीरुरयंत्वमेव तदिमंराधे गृहंप्रापय इत्थं नंदनिदेशतश्चलितयो: प्रत्यध्वकुंजद्रुमं राधामाधवयोर्जयंतिय-मुनाकूलेरह:केलय: ॥ नमस्कारात्मकं॥किरातहूणांध्रपुलिंदपुल्कसाश्चाभीरकंकायमनाखसादय: । येन्येचपापायदुपाश्रयाश्रयात् शुद्ध्यंतितस्मैप्रभविष्णवेनम: २ आशीर्वादा-त्मकं।नृसिंहपुराणे॥यस्तंभाद्गर्जमानोगगडगडगड ज्वालचंद्राद्धिदंष्ट्रोव्यालोद्भुव्योप्यमानोजजडजड्डजडत्साध्यमान: सटाभि:दंष्ट्राभि:खाद्यमानं ककटकटकटत्तर्ज्जमानोसुरेंद्रं॥ निष्क्रांतोहं।स्ययुक्तोगगहगहगहत्पातुव: श्रीनृसिंह: ३ वपुएक श्लोक॥ वैष्णवोममदेहस्तु तस्मात्पूज्यामहामुने॥ अन्ययत्नंपरित्यज्य वैष्णवान्भजसुव्रत ४ भक्तिकैसे तैसेफूल मेंसुगंध ॥

टीकाविशेषलक्षण॥हरिगुरुदासनिसोंसांचोसोईभक्त सहीगहीएकटेकफेरिउरतेनटरीहै।भक्तिरसरूपकोस्वरूप यहैछबिसारचारुहरिनामलेतअँशुवनिझरीहै॥वहीभगवंत संतप्रीतिकोबिचारकरै धरैदूरिईशताहू पांडवनसोंकरी है ॥ गुरुगुरुताईकीसचाईलैदिखाईजहां गाई श्री पैहारी जूकीरीतिरंगभरीहै २ मूल ॥ मंगलआदिबिचारिरह्योव स्तुनऔरअनूप । हरिजनकोयशगावतेंहरिजनमंगलरूप २ सबसंतनिनिर्णयकियोमथिश्रुतिपुराणइतिहास । भ जिबेकोदोऊसुघरकैहरिकैहरिदास ॥श्रीगुरुअग्रदेवअज्ञा दईभक्तनिकोयशगाइ । भवसागरकेतरनकोनाहिनऔरुउ पाइ ४ ॥

हरिगुरु दासनिसों सांचो। पट्टनाकी बाईसे रंगटको आमिल लाहौर को सुदर्शन खत्रीको दृष्टांत॥ कवित्त॥ शोच रूप सागरमें सने रघुराई कहैं लंक यह देन कौन लगै कछु घात है। कौन या विभीषणको राखैगोंकि रावण सों जीवनाल माझरीलौं परगौ पछितात है॥ लछमण पाछैं मैंहूं मरन परन लीनों जस राम बरन्यौत बूड़ी बुधि जात है। जीवको न लालच वचनको विशेष उरजीव गये वचन बचैतो बड़ी बात है १ भक्ति रस रूपको एकादशे वाग्गद्‌गदाद्रवते यस्य चित्तं हसत्यभीक्ष्णं रुदति क्वचिच्च विलज्ज उद्गायति नृत्यतेच मद्भक्तियुक्तो भुवनं पुनाति २॥ भवसागर॥ निमज्ज्योन्मज्जतां घोरे भवाब्धौ परमायणं संतो ब्रह्म विदःशांता नौर्दृढे विष्णु मज्जता ३॥

टीका आज्ञासमयकी॥मानसीस्वरूपमेंलगेहैंअग्रदास जबैकरतबयारनाभामधुरसँभारसों। बड्यौहोजहाजपैजु शिष्यएकआपदामें करउध्यानखिच्योमनछुट्योरूपसार सों। कहतसमरथगयोबोहितबहुतदूरि आवो छबिपूरि फिरिढेरेताहीढारसों॥ लोचनउघारिकैनिहारिकह्योबोल्यौकोनवहीजोनपाल्योसीतदैदैसुकुवारसों १०॥

मानसीस्वरूप मैं॥ तामेंभूतकोदृष्टांत॥ दोहा॥ यहमन भूतसमानहै दौरै दांत पसारि॥ बांसगांठि उतरै चढ़ैसब वलजावैहारि १ चल दल पत्र पताक पट दामिनि कच्छ पमाय॥भूत दीप दीपकशिखायों मन दृत्य अनाथ २॥ सवैया॥ चंचलजोमनकी गतिहै अलिरूप सुबन बनमें फिरियै।कुण्डललोल कपोलन मैं अलकनि भलकनि चितमैं धरियै॥ बरबेंदी भालरसाल दियेअधरनिमैं मोतीयरहरियै। अलबेलीलाल बिहारिनि कोंदिन रैन निहारनिहीं करियै ३ मनहैतौ भली थिरकै रहितू हरिकेपद पंकज मैं

गिरितू। कवि सुन्दर जौन सुभाव तजै फिरिबोईकरै तौ इहां फिरितू॥ मुरली पर मोरपखा परहै लकुटीपरहै भकुटी भ्रमितू। इन कुण्डल लोल कपोलनिमें घनसेतन में घिरिकैं रहितू ३ करत बयारि नाभा जूनै बिचारीयह सुख कैसे मिलै॥ टहलतेमिलै दृष्टांत मरजियाको ४॥ स-भारसौ क्योंकि मानसी ऐसी कोमलहै सो बयारि की चोट लगै ५ सारसौ॥ कवित्त॥ कंचन जटित भूमि सुरतरु रह्यो झूमि तापर सिंहासन सुखासनबिछायो है। अष्टदल कमल अमल रघुनाथ तहां अंगअंग मानोकोज रंग भर-लायो है॥ कुण्डल करणकर कंकनमुकुटकटि किंकिणीकि धुनि सुनि मन भरमायोहै। चंपे के चमेलीके अरु कुंद मं-दार के सुहारनि मैं हारिके बिचारि बिसरायो है ६॥

अचरजदयोनयोयहांलौंप्रवेशभयो मनसुखछयोजा-न्योसंतनप्रभावको। अज्ञातबदईयहभईतौपैसाधकृपाउन हींकोरूपगुणकहोहियेभावको॥ बोल्योकरजोरियाकोपा वतनओरछोरगाऊंरामकृपानहींपाऊंभक्तिदावको। कही समुझाइबोईहृदयआइकहैंसब जिनलैदिखाइदईसागरमें नावको ११ श्रीनाभाजीकीआदिअवस्था॥हनूमानवंशही मेंजन्मप्रसिद्धिजाकोभयो दृगहीनदीनसोनवीनबातधारि यै।उमरिबरषपांचमानिकैअकालआंच मातावनछोड़िगई बिपतिबिचारियै॥ कील्हाऔअगरताहीडगरदरशदियो लियोयोंअनाथजानिपूंछीसोउचारियै॥ बड़ेसिद्धजललैक मंडलसोंसींचेनैनचैनभयोखुलेचषजोरीकोनिहारियै १२॥

रूप गुण॥ श्लोक॥ येकंठलग्नतुलसीमलिनाक्षमाला येबाहुदंडपरिचिन्हितशंखचक्राः॥ तितिक्षवः कारु-णिकासुहृदःसर्वदेहिनां। अजातशत्रवःशान्ताः साधवःसाधु

नाभाजी बन्दर वीर्य २६

भूषणाः१माता॥ सवैया॥ बारिधतातकुतै बिधिसे सुत आदित सोमसहोदर दोऊ। रंभारमा तिनकी भगिनी मघवामधुसूदन से बहनेऊ॥ तुच्छ तुसार इतौ परिवार भयो घरमध्य सहायनकोऊ।सूकिसराज रह्यो जलमें सुख संपति में सबको सबकोऊ २ पिता कोऊ कहैअरु कोऊकहै सुतकोऊकहै नाना बाबा तन तीनि तापलयो है। प्रभुकोऊकहै जन कोऊ कहै मोल लयो तुम अवकहौयेजू काहि काहि दयो है॥ अहाभने जित तित चलिचलि होइरही सुख नहीं कहूंबकु हाथ मेदभयो है। कियोहू तिहारो अरु पारयोहू तिहारोहीहौं दून बीचकी लोगन ने बांटो बांट लियो है॥ सोंचे नैन॥ एकादशे॥ संतोदिशंति चक्षुषिबहिरर्कः समुत्थितः॥देवता बांधवाः संतः संतआत्माहमेवच १॥

पाइँपरिआंशुआयेकृपाकरिसंगल्यायेकीन्हअज्ञापाइमंत्रअगरसुनायोहै। गलतेअगटसाधुसेवासोबिराजमान जानिउनमानताहिटहललगायोहै॥ चरणप्रछालिसंत सीतसोअनंतप्रीतिजानीरसरीतिताहेहृदय रंगछायोहै। भईबढ़वारिताकोपावैकौनपारावारजैसोभक्तिरूपसोअनूपगिरागायोहै १३॥

मंत्र अगर आगमे॥ तापः पौंड्रंयथानाम मंत्रोयाग अपंचमः एतेपंचसंस्काराश्चपुरमैकांतहेतवः २ जन्म नाजायतेशूद्रः संस्काराद्दिजउच्यते बेदाभ्यासी भवेद्विप्रः ब्रह्म जानातिब्राह्मणः ३ संतसीत नारद बाक्यं॥ उच्छिष्टलेपाननुमोदितो द्विजैः ४ छायो है॥ कवित्त॥ कोऊयह कहै संस्कारहीसों भक्तहो तबिना संस्कार भक्तिकैसे करिपाइयै। जान्यो हम सारसब ग्रंथ अनुसार पुनि एपैहै बिचार गूढ़ कहिकै सुनाइयै॥ महिमा अगाध साधुरसिक

प्रबीननि को नेकु चितवत काम बन्धु उलटाइये। अंग अंग रंग सतसंग को प्रभाव अहो जैसे दत्तात्रेय बार सुखोहित छाइये ५ भईबढ़वारि॥ दोहा॥ मृत्तकचोर जूंठनिवचन काग बिष्टिजन मित्र॥ शिवनिरमायल आदिदैयेसबवस्तुपवित्र ६ शुकवाक्यं॥ किरातहूणांध्रपुलिंदपुल्कसा आभीरकंकाय वनाखशादय:॥येन्येच पापा: मदु पाश्रयाश्रया शुध्यंति तस्मै प्रभु विष्णवे नम: ७॥

मूल॥जयजयमीनबराहकमठनरहरिबलबावनापरशुरामरघुबीरकृष्णकीरतिजगपावन। बुद्धकलंकीव्यासपृथूहरिहंसमन्वंतर। यज्ञऋषभहयग्रीवध्रूववरदैनधन्वंतर। बद्रीपतिदत्तकपिलदेवसनकादिककरुणाकरो। चौबीसरूपलीलारुचिर श्रीअग्रदासपदउरधरो५ टीका॥ जितेअवतारसुखसागरनपारावार करैविस्तारलीलाजीवनउधारको। जाहीरूपमांझमनलागैजाकोपागैतहीं जागैहियेभाववहीपावैकोनपारको। सबहीहैनित्यध्यानकरतप्रकाशैचित्त जैसेरंकपावैवित्त जोपैजानैसारको। केशनकुटिलताई ऐसेमीनसुखदाई अगरसुरीतिभाई बसौउरहारको १४॥ मूल॥ चरणचिन्हरघुबीरके संतनिसदासहाइ॥ काअंकुशअंबरकुलिश कमलजबधुजाधेनुपद। शंखचक्रसुस्तकजंबूफल कलशसुधाहृद॥ अर्द्धचंद्रपटकोनमीनबिंदुऊर्द्धरेखा। अष्टकोनत्रैकोन इंद्रधनुपुरुषविशेषा॥ सीतापतिपदनितबसत एतेमंगलदायका। चरणचिन्हरघुबीरके ६॥

जैजैमीनबराह॥मीनबाराह क्यों गाये राम कृष्ण क्योंड़ि कैसबजातिकेस। धु गाये जाहिंगे कोऊ नीका चढ़ावै याते प-

हिले हरिही की जाति कहौहैंक्योंकि कोऊनाक चढ़ा वै सोअबहीं चढ़ावो कृष्ण कीरति को विषयिहिसुने १ तिते अवतार कोऊ कहै गुरुनने आज्ञादई संतनिको इ-न्होंने प्रथम अवतार क्योंधरे बटुवापहिले आवे साधुपाछे आवै २ नाहीरूप जापै फकीर को औ लरिकाको दृष्टांत कोऊ कहै मीन बाराह कैसे सुखदाई सुंदर केसंगतेसुंदर होइ कैसन के संगते कुटिलता ३॥

टीका॥ संतनिसहाइकाजधारेनृपराजरामचरणसरोज निमें चिन्हसुखदाइयें। मनहींमतँगमतवारोहाथआवैनाहीं ताकेलियेअकुशलेधारेउहियेघाइये । ऐसेहीकुलिशपाप पर्वतकेफोरिबेको भक्तिनिधिजोरिबेकोकंजमनलाइये । जोपैवुधवंतरसवंतरूपसंपतिमें करिलेविचारसबनिशिदि नगाइये १५॥

मनमतंगचहुर्थे॥ अयंत्वत्कथामृष्टपियूषणाद्यांमनोवारणः क्लेशदावाग्निदग्धः॥ तृषार्तोवगाढंनसस्मारदावंननिष्क्रामति ब्रह्मसंपन्नवन्नः १ छप्पै॥ सदारहतनवरंगमेंमनमतंगबिचरयोबुरो। धरनाधर्मउखारिसरमसांकरगहि तोरत। तरु णिकरावललखतशीलसालहिगहिमोरत। विनयबाणनहिं बदतज्ञानचंकुशनहिंमानत। गुरूमहावतताहिचाहिडारन उरआनतखिलेहुनो बबारुणविषयकुन्दनमदयौ बनजु रयो। सदारहतनवरंगमें मनमतंगबिचरयोबुरो २ कवित्त॥ जनमजनमतोहिं नद्यांतहांचेरेफिरयो मनमुटमरद गनीम तेरीपागीहै। कलह प्रसंगी पंचरंगीजंगी जोरावर अलख अनंगीसुउपाधिअनुरागीहै। कैदकरिपायोमनीराम नर काया बीच अबकैजो चूकैगो तो बड़ोतूअभागीहै। सुमिरि कोऊ सारपाँचभूतनिकोमिरदार मारिऐसीमारतेरी भलीघात लागीहै ३ अबको हेतसुनो सदादातासबविद्या

की सुमतिको संपतिको सुखकोनिवासहै । चरणमें सभीत होतकलिकीकुचालिदेखि छत्रजासो विशेषजानों अभयको विश्वासहै। गोपदसुह्व है भवसागर सुनागर जन जोपै नेकु हिये को लगावै मिटैचाह है। कपट कुचालि माया जाल सबजीतिवे को अंबर को दरश कियो जोपै अनायासहै १ कासह्व निशाचर के मारिवे को चक्रधरयो मंगलकल्याण हेतस्वस्तकह्वमानिये। मंगलीकजंबूफल फलचारुह्वकोफल मनकामनाअनेक पूरणहोध्यानियै॥ कलशऔसुधाकोसर सहीरेभक्तिभरयो नैनपुटपानकीजैजीजैमनआनियै। भक्ति कोबढ़ावैऔघटावैतीनितापनिको अर्द्धचंद्रधारणयेकारण ह्वंजानिये २ विषयभुवंगवलमीकतनमाहिंवसै दासकोन डसैतातैयतनअनुसरयौहै । मीनविंदुरामचंद्रकीनोंवशोक- रणमायताहीतैं निकायजनमनजातहरयोहै ॥ अष्टकोनचै- कोनयंत्रकियेजीतिबेकौं जियेजोईजानैजाकेध्यानउरभरयो है। संसारसागरकोपारावारपावैनाहिं ऊर्द्धरेखादासनि- कोसेतबंधकरयोहै ३ धनुषपदमाहिंधरयौहरयौशोकध्या- निनको मानिनिकौमारयौमानरावणादिशाषिये। पुरुष जोविशेषपद कमलबसायोराम हेतअभिरामसुनौश्याम अभिलाषिये॥ सूधेमनसूधेवैनसूधीकरतूतिसबऐसोजनहोइ मेरोयाहीतेजुराखियै। जोपैवुधवंतरसवंतरूपसंपतिमें करि लैबिचारसवनिशिदिनभाषिये ४॥ दोहा॥ दुखमेंतौसब कोभजै सुखमेंभजैनकोइ॥ जोसुखसेंहरिकोंभजै तौदुख काहेकोहोइ ५ कबहुंनसुखसेंहरिभजे दुखमेंकीनेयादि॥ कहिकबीरवाजीवकोकैसेलगैफिरादि ६ जोसाहिबसोंतू मिलै साहिबमिलैतौताहिं॥ बिनाभजनमिलतानहीसुख काहेकोहोहि७ बसतिहृदयजाकेदया रामहिंजानतजोइ दयारामपावैतबै दयारामकीहोइ ८॥

मूल॥ विधिनारदशंकरसनकादिककपिलदेवमुनिभू- प।नरहरिदासजनकभीषमबलि शुकमुनिधर्मस्वरूप॥

अंतरंगअनुचरहरिजूके जोइनकोयशगावै। आदिअंतलौं मंगलतिनकोश्रोताबक्तापावै॥ अजामीलप्रसंगयहनिर्णय परमधर्मकेजान। इनकीकृपाऔरुपुनिसमझै द्वादशभक्त प्रधान॥टीका॥द्वादशप्रसिद्धिभक्तराजकथाभागवत अति सुखदाईनानाबिधिकरिगायेहैं। शिवजूकीबातएकबहुधान जानैकोऊ सुनिरससानैंहियोभावउरझायेहैं। सीताके बियोगरामबिकलबिपिनदेखि शंकरनिपुणसतीबचनसु-नायेहैं। कैसेयेप्रबीणईशकौतिकनवीनदेखो मनैहूंकरत अंगवैसेहूबनायेहैं १६ सीताहीसोरूपबेषलेशहूनफेरफार रामजूनिहारिनेकमनमेंनआईहै। तबफिरिआइकैसुनाइ दईशंकरको अतिदुखपाइबहुबिधिसमुझाईहै। इष्टको स्वरूपधार्योतातेतनपरिहर्यो पर्योबड़ोशोचमतिअति भरमाईहै। ऐसेप्रभुभावपगेपोथिनमेंजगमगे लगेमोको प्यारेयहबातरीझिगाईहै १७॥

अनतरंग॥ बाणासुर के युद्धमें महादेव कृष्णसोंलरे॥ भागवते॥ स्वयंभूर्नारदःशंभुःकुमारःकपिलोमनुः प्रह्लादो जनकोभीष्मोबलिर्वैयासकिर्वयं २ निपुणपरमेश्वरका प्रेम कोस्वादनहीं जैसे पादशाहको फकीरी को नहीं॥ नाटके॥ पूर्यवदनाथ नाथ किमिदं हासो स्मितं लक्ष्मणः कोऽहं वत्सनु आर्यराव भगवान् आर्यश्च कोराघवः किंकुर्मोविजने वने तत इतोदेवी भृशं विद्यते। कादेवीजनकाधिराजतन याहाहाप्रियेजानकी ४॥ मनैहूंकरत॥ दोहा॥ ज्योंजगके राजानिको भेदनजानैकोइ॥ तासुअन्तक्यौंपाइये सबको दरतासोइ ५ ॥

चलेजातमगउभैपेरेशिवदीठिपरे करैपरनामहिंपभक्ति

लागीप्यारियै। पारवतीपूछैंकियेकौनकौजूकहौमोसों दी-सतनजनकोऊतबसोउच्चारियै। बरपहजारदशबीतेतहांभ क्तभयो नयोश्रौरुह्वैहैदूजीठौरबीतेधारियै। सुनिकैप्रभा-वहरिदासनिसोंभावबढ्यो रढ्योकैसेजातचढ्योरंगअति भारियै १८ टीका अजामीलकी ॥ धर्योपितुमातनाम अजामीलसांचभयोअजामलरह्योछुटीतियाशुभजातकी। कियोमदपानसोसमानगहिदूरडार्यो गार्योतनवाही सोंजोकीन्होलैकैपातकी। करिपरिहासकाहूदुखनैपठाये साधु आयेघरदेखिबुद्धिआइगईसातुकी । सेवाकरि-सावधानसंतनिरिझाइलियोनारायणनामधर्योगर्भबाल बातकी १९ ॥

बरष हजार बाबा नानक अरमरदाने चेलाके। दृष्टांत भागवते ॥मुक्तानामपिसिद्धानां नारायणपरायणः।सुदुर्लभ प्रशांतात्मा कोटिष्वपिमहामुने १ नीतौ ॥ गिरौगिरौ न माणिक्यं मौक्तिकंन गजे गजे। साधवो नहिं सर्वत्र चंदनं नवनेवने २ रंगबढ्योभागवते॥वरमेकंदृष्टणेयापि पूर्णात्का-माभिवर्षणात् भगवत्युत्तमां भक्तिं तत्परेषु तथात्वयि ३ दोहा सबान तनकनरहै निरक्षिता लगै दृगनिकी घाप काऊ पूजामाला कहूंकहूं वटुवा काऊंआय ४ करि पर-हास ताप्रै शिवजीको दृष्टांत ५ सातुकी भागवते ॥ नह्यं मयानि तीर्थानि नदेवामृच्छिलामयाः तेपुनंत्युरुकालेनद र्शनादेव साधवः ६ सावधान नीते॥ आत्मनो मुखदोषे नवद्धंते शुकसारिकाः वकास्तत्र न बद्धंते मौनं सर्वार्थ साध कः ७ मोहजाल श्लोक ॥ अंगंगलितं पलितंमुडंजातं दशन विहीनं तुंडं वृद्धोयाति गृहीत्वादंडं तदपिनमुंचत्या शपिंडं १॥

आइगयोकालमोहजालमेंलपटिरह्यो महाविकरालय मदूतदीदिवाइये। वहीसुतनारायणनामजोकृपाकैदियो लियोसोपुकारिसुरआरतसुनाइये।सुनतहीपारषदआयेता हीठौरदौरि तोरिडारेपाशकह्योधर्मसमुझाइये। हारेलैबि डारेजाइपतिपैपुकारेकहीसुनोंबजमारमतिजावोहरिगाइ- ये २० मूल ॥मोचितवृत्तनित्ततहांरहों जहांनारायणपद पारपद ॥ विष्वसेनिजयबिजयप्रबलबलमंगलकारी। नंदसुनंदसुभद्रभद्रजगआमैहारी ॥ चंडप्रचंडविनीतप्र- णीतकुमुदकुमुदाक्षकरुणालय। शीलसुशीलसुसेनभाव भक्तनप्रतिपालय ॥ लक्ष्मीपतिप्रीननप्रबीनभजनानंद भक्तनिहद। मोचितवृत्तनिततहांरहोजहांनारायणपद पारपद ८॥

आरत भागवते॥ सांकेत्यंपारिहास्यंवा स्तोभंहेलनमेव वा॥ वैकुंठनामग्रहण मसेषाघ हरंबिदुः १ धर्मसमुझाइपै। एतेनैवह्य घोनोस्य कृतंस्यादगनिःकृतिः पदानारायणायेति जगाद चतुरक्षरं २ स्तेनःसुरापोमित्रधुकब्रह्महागुरुतल्पगः स्त्रीराजपितृगोहं तायेचपातकिनोपरे ३ सर्वेषामप्यघवता मिदमेवसुनिःकृतं ॥ नामव्याहरणंविष्णोर्यतस्तद्विषयामि तिः४ अहावतःश्वपचोगरीयान्यज्जिह्वाग्रेवर्ततेनामतुभ्यंतेपु स्तपस्तेजुहुवुःसस्नुरार्याब्रह्मानूचुर्नामग्रहणीतियेते४ कृपपै॥ कहाव्रतनेमगजेंद्रकियो कहावेदपुराण पढ़ीगणिका अजा मीलनेकौन अचार कियो निशिवासर पान सुरापपिका कहा जपजाप वधिक कियौसोकृतौघनजीवनकौहनिका तुलसी अघपर्वत कोटिजरे हरिनाम कृतागनकोकनिका ६ हरिगाइपै दूतनिवृति नामोच्चारण माहात्म्यं हरेः पश्यत पुत्रकाः अजामिलोपियेनैव मृत्युपाशाद च्यत ७॥

टीका॥पार्षदमुख्यकहेसोरहसुभावसिद्धिसेवाहीकीरिद्धिहियेराखीबहुजोरिकै। श्रीपतिनरायणकेप्रीननप्रवीण महाध्यानकरैजनपालैभावदृगकोरिकै। सनकादिकदियो श्रापप्रेरिकैदिवायोआपप्रगटह्वैकह्यो पियोसुधाजिमिघोरिकै। गहीप्रतिकूलताईजोपैयहैमनभाई यातेरीतिहदगाईधरीरंगबोरिकै २१ मूल॥ हरिवल्लभसबप्रार्थौंजिनचरणरेणुआशाधरी ॥ कमलागरुड़सुनंदआदि षोड़शप्रभुपदरति । हनूमंतजामवंतसुग्रीवविभीषणसिवरीखगपति ॥ ध्रुवउद्धवअंबरीषविदुर अक्रूरसुदामा। चंद्रहासचित्रकेतग्राहगजपांडवनामा॥ कौषारवकुंतीबधूपट ऐंचतलज्जाहरी । हरिवल्लभसबप्रार्थौंजिनचरणरेणु आशाधरी ६ ॥

प्रेरिकैदिवायो॥नीति॥लक्ष्मीवंतोनजानंति प्रायेणपरवेदनां शेषेधराभराक्रांतेशेतेलक्ष्मीपतिस्स्वयं १ पियोसुधाजिमि दोहा॥ तुम मति भूल्यो भूलनो सुनि मनमोहन मित्त। भूलेपरभूलोंनहीं ताहीसुमिरोंनित्त २ कवित्त॥ प्रतिकूलताई॥नरक जो देहि तौननिदरिविमुख ह्वैजैस्वर्ग जोदेहि तौन हर्ष सराहिये। रहकरि डारैतौनकोजिये कलेशजिय करै जो कबूल तौन फूलिकै उमहिये। जिहीअंग रंगहो इतिही अंग रंगह्वैजै ये दिल सनेही नेही नीकेकै निबाहिये। चित्त क्योंन चाह मरो आपु चाह चूल्है परोप्रीतम जो चाहै चाह सोई चाहचाहिये ३ दोहा॥ दियोसुशीश चढ़ाइले अच्छी भांति अपेर॥ जासोंसुखचाहतलयोताके दुखहि न फेर ४ चरणरेणु॥श्लोक॥ रहूगणेतत्तपसानयाति नचेज्यया निर्वपणाद्गृहाद्वा नच्छंदसा नैवजलाग्निसूर्यैर्विनामहत्पादरजोभिषेकं ५ लज्जाहरी॥दोहा॥ पट ऐंचत

मटकी नहीं भुजबल भई अनाथ ॥ तुलसीकीन्हीं ग्यार-हौंबसनरूपरघुनाथ ६ ॥

टीका ॥ हरिकेजेबल्लभहैंदुर्ल्लभभवनमांझ तिनहीं कीपदरेणुआशाजियकरीहै। योगीयतीतपीतासोंमेरोकछु काजनाहिंप्रीतिपरतीतिरीतिमेरीमतिहरीहै।कमलागरुड़ जामवानसुग्रीवआदि सबैस्वादरूपकथापोथिनमेंधरीहै। प्रभुसोंसचाईजगकीरतिचलाईअतिमेरेमनभाई सुखदाई रसभरीहै २२ टीकाहनूमानजूकी॥ रतनअपारक्षीरसागर उधारकियेलियेहितचायकैबनाइमालाकरीहै । सबसुख साजरघुनाथमहाराजजूके भक्तसोबिभीषणजूआनिभेंटध रीहै । सभाहीकोचाहअवगाहहनूमानगरेडारिदईसुधि भईमतिअरबरीहै। रामबिनकामकौनफोरिमणिदीनोडारि खोलितुचानामहौदिखायोबुधिहरीहै २३ ॥

डारिदई॥रामायणे॥ कंकणेनैवजानामि नैवजानामिकुं डले ॥ नूपुरावेवजानामिसदापादाभिवंदनात् १ छप्पै॥ रामचरणतजिआनरति गनतजिमनुगदहैचढ़ौ ॥ वहैनीच वहैपोचवहैआतमबड़पापी। वहैअविद्यामूलवहैगुरुद्रोहि सुरापी । वहैदीनमतिहीनवहैनरकनिमेंनामी। वहैक्षत मींकुटिल वहैबड़लोनहरामी । अगरकहैंताहिगतिनहीं तीनिताप सो हियदढ़ौ । रामचरणतजि २ । फोरि मणि दीनी । किकंठभूषणं३ खोलित्वचा॥ कवित्त। न्यारीन्यारी दीसैं जैसेकागदकी चीरीपर मसीकोडँडीरी ऐसी मजनू कीपांसुरी । गरिगयोगातयेरी पातसोपुरानोह्वैकै पान पानरही परोलेतहै उसासरी । तेरीयेतलबतेरेताल वदिवानेकोहै देखतहवालवाको आवतहै आंसुरी।तेरी

अब लैलै उरलाइ लेरी अपनीसों फेरिपछितै है जबमाटी मिलै मांसुरी ४ ॥

टीकाबिभीषणजूकी ॥ भक्तिसोंविभीषणकीकहैऐसो कौनजनऐपैकछुकहीजातिसुनोचितलाइकै। चलतजहाज परअटकिविचारिकियोकोऊअंगहीननरदियोलैबहाइकै। जाइलग्योटापूताहिराक्षसिनिगोदलियो मोदभरिराजा पासगयेकिलकाइकै। देखतसिंहासनतेकूदिपरेनैनभरे याहीकेअकाररामदेखैभागपाइकै २४ रचिसोसिंहासन पैलैबैठायेताहीक्षणराक्षसनरीझिदेत मानीशुभघरीहै। चाहतमुखारविंदअतिहीअनंदभरि ढरकतनैननीरटेकि ठाढ़ीछरीहै। तऊनप्रसन्नहोतक्षणक्षणक्षणज्योतिन्हजि- येकृपालमतिमेरीअतिहरीहै। करौसिंधुपारमेरेयहीसुख सारदियेरतनअपारलायेवाहीठौरफरीहै २५ रामनाम लिखिशीशमध्यधरिदियोयाको यहीजलपारकरैभावसां- चोपायोहै। ताहीठौरबह्योमानोनयोऔररूपभयोगयो जोजहाजसोईफेरिकरिआयोहै। लियोपहिचानिपूंछेउस बसोंबखानकियोहियोहुलशायोसुनिबिनयकैचढ़ायोहै। पर्‌योनीरकूदिनेकुमायानेप्रवेशकियो हर्‌योमनदेखिरघु- नाथनामभायोहै २६ ॥

दियोलैबहाइ। नीति। वनानिदहतोवन्हि सखाभवति मारुत: सयेवदीपनाशाय कृशेकस्यास्तिसौहृदं १ अश्वंनै वगजंनैवसिंहंनैवचनैवच। अजापुत्रंवलिंदद्यात् दैवोदुर्बलघा तक: २जाइलग्यो ॥दोहा॥ कबिरातेरेनामपद कियो सुरा ई लौन ॥ जिन्हैचलाओपंथतुम तिन्हैभुलावैकौन ३ राम

नाम श्लोक ॥ रामत्वत्तोधिकंनाम इतिमेनिश्चितामतिः त्वयंकातारितायोध्या नाम्नाचभुवनत्रयं४ रामनामकेलिखे तरेपाषाणरे।दुष्टअजामिलतरयोनामतेजानरे।सबतजिभजि हरिनामसुनोसबजंतरे।नामबिनाहै नरकसुनोभाईसंतरे५॥

सवरीजीकीटीका॥ बनमेंरहतिनामसेवरीकहतसबबा हतढहलसाधुतनन्यूनताईहैरजनीकेशेषऋषिआश्रम प्रवेशकियोलकरीनबोझधरिआवैमनभाईहै । न्हाइबेको मगझारिकांकरनिबीनिडारि बेगिउठिजाइकोऊजानत न लखाईहै। उठतसवारेंकहैंकौनधोंबहारिगयोभयोहियेशोच कोऊबड़ोसुखदाईहै २७ बड़ेईअसंगवेमातंगरसरंग भरे धरेदेखिबोझकह्योकौनचोरआयोहै । करैनितचोरीअहो गहो वाहिएकदिनबिनायापै प्रीतिवाकीमनभरमायोहै। बैठेनिशिचौकीदेत शिष्यसबसावधान आइगईगहि लई कापैतननायोहै। देखतहीऋषिजलधाराबहीनैननितेबैननिसोंकह्योजात कहाकछुपायोहै २८ ॥

बनमेंरहत दोहा ॥ लोल पनन सोंजे भरे उघरेडांकल गाइ॥ करणफूल भूलतरहैं काननहीं में आइ १ सवैया ॥ जाइये न जहांतहांसंगतिकुसंगतिहै कायरके संगशूरभागिहैपैभागिहै । फूलनि के बास बस फूलनि की बासहोति कामिनीके संग कामजागिहैपै जागिहै ।घरबसेघरबसेघरमें वैराग कहा मायामोहममतामें पागिहैप्रैपागिहै । काजर की कोठरीमें कैसोहू सयानो बैठै काजरकीएकरेखलागिहैपैलागिहै२ निशिबासरवस्तु बिचारि करै सुख सांचहिये करुणाधनहै। अघनिग्रहसे ग्रहधर्म कथा सुपरिग्रह साधनकोगनहै ।कहिकेशवभीतरयोगजगै अतिऊपर भोगनि में

तनहै। मनछायसदा जिनके तिनको बनहीघरहै घरहीबन है ३ रसरंगभरे ॥ रसंवैसःरसंह्येवायंलब्ध्वानंदी भवति इति श्रुते। कोइकहै विरक्तहैकैरसरंगमें कैसेभरेजैसे शुकदेवजी नैरहरण की लीला दुलराइकै गाई ४ ॥

डीबिहूनसोंहीं होतिमानितनगोतछोत परीजाइशोच सोतकैसेकैनिकारिये । भक्तिकोप्रतापऋषिजानतनिपट नीकेकैऊकोटिबिप्रताईयापैवारिडारिये । दियोबासआश्र ममेंश्रवणमैंनामदियो कियोसुनिरोपसबैकीनीपांतिन्यारि ये।सबरीसोंकह्योतुमरामदरशनकरौमैंतौपरलोकजातआ ज्ञाप्रभुपारिये २६ गुरुकोवियोगहियेदारुणलैशोकदियो जियोनहींजाततऊरामआशलागीहै । न्हाइबेकोघाटनि- शिजातिहीबुहारिसब भईयौंअवारऋषिदेखिव्यथापागी है। छुयोगयोनेककहूंखीजतअनेकभांति करिकैविवेकग- योन्हानयहभागीहै । जलसोंरुधिरभयोनामाक्रमभरिग- योनयोपायोशोचतौहूजानैंनअभागीहै ३० लावेबनबेर लागीरामकीऔसेरभल चाखैधरिराखैफिरमीठेउनयोग हैं। मारगमेंरहैजाइलोचनबिछाइकभूंआवैंरघुराइदृगपा वैंनिजभोगहैं । ऐसेहीबहुतदिनबीतेमगजोवतही आइ गयेऔचकासुमिटे सबशोगहैं । अँयैतननूनताईआईसुधि छिपीजाइ पूछैंआपसेवरीकहांठाढ़ेसबलोगहैं ३१ ॥

भक्तिकोप्रतापइतिहास॥ शिवलिंगसहस्राणिशालिग्रा मसतानिच॥द्वादशकोटियःविप्राःस्वपचमेकवैष्णवं१ हरिभ क्तिलतिकायां॥ व्याधस्याचरणंध्रुवस्यचवयोविद्यागजेंद्रस्य का।कुब्जायाकिमुनामरूपमधिकंकिंतत्सुदाम्नोधनं॥ वंशः

कोबिदुरस्ययादवपते रुग्रस्यकिंपौरुषः भक्त्यातुस्यतिकेवलंनतुगुणैर्भक्तिप्रियोमाधवः२नामदियो॥पंचरात्रे। यावद्गुरुर्नक्रियतेसिद्धिस्तावत्नलभ्यते ॥ तस्मात्गुरुर्हिकर्त्तव्यं नैवसिद्धिगुरुविना ३ अभागीहै॥ छप्पै ॥ मत्सरक्रोधमिलिरह्यो गर्बगिरिपरयोजुगाजै । क्रोधशोदहियमध्यद्वंद मदमदनविराजै॥ लोभभँवरहृदकमल कोशभीतररतिहि आसन। कपटझूठझिलिमिलै भिष न मानतविश्वासन ॥ मनमोहकोहकंदरपरयो अपरसह्वै भीटनडरै। भनिलाल बालहरिबंशहित बिनप्रसादतमकोहरै॥

पूंछिपूंछिआयेतहांसबरीअस्थानजहां कहांवहभागवतीदेखौंदृगप्यासेहैं। आइगईआश्रममेंजानिकैपधारेआप दूरहीतेशाष्टांगकरोचषभासेहैं। रवकिउठाइलईब्यथातन दूरिगईनई जैंननीरझरीपरेप्रेमपासेहैं। बैठेसुखपाइफल खाइकैसराहेवेइ कह्यौकहाकहौंमेरेमगदुखनाशेहैं ३२ करतहैंशोचसबबैठेऋषिआश्रममें जलकोबिगारसोसुधारिकैसेकीजियै। आवतसुनेहैंबनपथरघुनाथकहूं आवैंजब कहैंयाकोभेदकहिदीजियै । इतनेहीमांझसुनीसबरीके बिराजेआनि गयोअभिमानचलोपगगहिलीजियै। आये खुनसाइकहीनीरकोउपाइकहो गहौपगभीलिनीकेछुवौ स्वच्छभीजियै ३३॥

इतनेही॥नीति॥राज्यहीनानरासर्वे बुद्धिहीनाभवंतिहि। बुद्धिहीनानरासर्वेराज्यहीनाभवंतिहि१खाइकै॥पद॥ मीठेमीठेचाखिचाखिबेरलाईभीलनी। कौनसीअचारवती नहींरूपरंगरती जातिह्नमेंकुलहीनबड़ीहैकुचीलनी॥ जूठे फलखायेरामसकुचेनभावजानि हुलसतौप्रभुऐसीकीनी रस कीशीलनी। कौनसीतपस्याकीनीबैकुंठपदवीदीनोबिमान

मेंचढ़ीजातऐसीहैसुशीलनी ॥ सांचीप्रीतिकरैकोई अ-
मरदासतरैसोईप्रीतिहीसोंतरिगईगोकुलअहीरनी२क-
हीनीरनीर॥नीति। शठंप्रतिशठंकुर्यात् दादरंप्रतिचादरं ॥
त्वयाचलुञ्चितपचेमयातिमुंडतश्शिर: ३ तापैतोताको अरु
वेश्याकोदृष्टांत ४ स्वच्छभोजियै ॥ दोहा ॥ अधिक बढ़ावत
आपतें जनमहिमारघुवीर ॥ सवरीपदरजपरशते सुध भयो
सरितानीर ५ हरिभगतनिकोमिलतहैंभगवतकेयशहाय॥
हृदयबीच कोफलतहै समुभो आपहिआप ६ अभिमानी
ऋषिछोंड़िसवरीकेगये ॥

जटायुकीटीका॥जानकीहरणकियोरावणमरणकाजगु
निसीताबाणीखगराजदौरेउआयोहै।बड़ीपैलड़ाईलीनींदे
हवारिफेरिदीनीराखेप्राणरामसुखदेखिबोसुहायोहै॥आये
आपगोदशीशधारिदृगधारसींच्यो दईसुधिलईगतितनहूं
जरायोहै।दशरथवतनानकियेजलदानयहअतिसनमान
निजरूपधामपायोहै३४ अंबरीषजूकीटीका॥अंबरीषभक्त
कीजुरीसकोऊकरैऔर बड़ोमतिबौरकिहूंजातनहिंमाषि
ये। दुर्बाशाऋषिशिषसुनीनहींकहूंसाधुमानिअपराधशिर
जटाखैंचिनाखिये ॥ लईउपजाइकालकृत्याविकरालरूप
भूपमहाधीररह्योठाढ़ोअभिलाषियै। चक्रदुखमानिलैकृशा
नुतेजराखकरीपरीभीरब्रह्मणकोभागवतसाखिये ३५ ॥

गोद शीश ॥ सवैया ॥ श्रीरघुनाथजूलैखगहाय निहारैं
औ नैननितेजलडारैं । टूकह्वैजात हैं सीता वियाकै सो
याकी सनेह कथा कै बिचारैं ॥ तजि मोहिंचले लगिनी-
को तुम्हैं हमैंसौंहतिहारीहै संगतिहारैं। यौंकहिराम
गरोभरिफेरि जटायुकी धूरि जटानसों झारैं १ लईगति
दोहा ॥ मुये मरत मरिहैं सकल घरी पहर के बीच ॥

लही न काहू आजुलौं गीधराज की मीच२ ॥ दईसुधि ॥ रघुबर विकल विहंग लखि सो बिलोकि दोउवीर ॥ सिय सुधि कहि सियराम कहि देह तजी मतिधीर ३ ॥ घरी जनाबतहीरहैं घरी भजे नहिंराम। घरी भई सब पुण्यकी खरी सुमति बेकाम ४ ॥ रीषकोज ॥ नवमे॥सवै मनः कृष्ण पदारविंदयोर्वचांसि वैकुंठगुणानुवर्णने ॥ करौ हरेर्मंदिरमार्जनादिषु श्रुतिंचकाराच्युतसत्कथोदये ५ मुकुंदलिंगालयदर्शनेदृशौतद्भृत्यगात्रस्पर्शेंगसंगमं॥ घ्राणंचतत्पाद सरोज शोरभे श्रीमतुलस्यारसना तदर्पिते ६ पादौ हरेः क्षेत्रपदानुसर्प्पणे शिरोहृषीकेशपदाभिवंदने॥ कामंच दास्येनतुकामकाम्यया यथोत्तमाश्लोकगुणाश्रयारतिः ७॥

भाज्योदिशादिशासबलोकलोकपालपासगयोनयोतेंजच क्रचूनकियेडारहैंब्रह्माशिवकहीयहगहीतुमटेवबुरीदासनि कोभेदनहींजान्योवेदधारेहैं। पहुंचबैकुंठजाइकह्योदुखअकुलाइहायहायराखोप्रभुखरोतनजारेहैंमैंतोहौंअधीनतीनिगुणकोनमानमेरेभक्तवात्सल्यगुणसबहीकोढारेहैं ३६ मोकोअतिप्यारेसाधुउनकीअगाधमतिकरौअपराधतुमसह्योकैसेजातहै। धामधनवामसुतप्राणतनत्यागकरेढरेंमेरीओरनिशिभोरमोसोंबातहै॥ मेरेउनसंतबिनुऔरुकछुसांचीकहौंजाओवाहीठौरयातेमिटैउतपातहै। बड़ेईदयालसदादीनप्रतिपालकरैंन्यूनतानधरैंकहूंभक्तिगातगातहै ३७॥

ब्रह्माबाक्य ॥ लक्ष्मीप्राणाधिकाशश्वत् नास्तिकोपितोधिका ॥ भक्तानहंटीस्वयंसाचेत् तूर्णंत्यजतितांविभुः १ ॥ शिवबाक्य ॥ महतिप्रलयेब्रह्मन्ब्रह्मांडोपजलप्लुतः ॥ नतन्नाशोभक्तानांसर्वेषांच विशिष्यति२॥ हायहाय॥ पद॥हरिभक्तनिसोंगर्भन करिबो। यह अपराध परमपद हूते उतरि

नरक में परिबो ॥ गज सिंहासन छत्र ऊंट चढ़ि भवभा-
गर नहिं तरिबो । इस कुलवंत धनीये भिक्षुक बीचवन-
नमें धरिबा ॥ यहमत भलो नहीं आपुन वड नरकूकार
अनुसरिबो । हरि से बीनस गाइक को लघुमानतनेकुनड
रिबो । अपनेदोष निपटआधेपर दोषकुतकनि जरिबो ॥
इधा चातुरी बांह जनम ते भलोगर्भमें गरिबो । खानपान
ऐड़ान भले जो बदनपसारि न मरिबो ॥ श्री कृष्णदास
हित धरि विवेक चित साधन संग उबरिबो ३ ॥ आधीन
नमले ॥ अहं भक्तपराधीनःह्यस्वतंत्रइवद्विजः ॥ साधुभिर्ग्रस्त
हृदयोभक्तैर्भक्तजनप्रिया: ४ श्रीमद्भागवते ॥ येदारागार
पुत्राप्तान्प्राणान्वित्तमिमंपरं ॥ हित्वामांशरणंयाताःकथं
तांस्त्यक्तुमुत्सहे ५ नाहमात्मानमाशासेभक्तैःसाधुभिर्विना
श्रियंचात्यंतिकींब्रह्मन् येषांगतिरहंपरा ६ ॥ तीनत्राससार
स्वागतपालक आरतनाशनवक्षसयदेस ॥ भलोगर्भमेंगरिबो ७ ॥

ह्वैकरिनिराशऋषिआयोनृपपासचल्योगर्भसौंउदासप
गगहैदीनभाष्योहै । राजालाजमानिमृदुकहिसनमानक-
र्योढरयोचक्रऔरकर जोरिअभिलाष्योहै । भक्तिनिशिका
मकहूंकामनानचाहतहै चाहतहैविप्रदूरिकरो दुखचाख्यो
है । देखिकैबिकलताईसदासंतसुखदाईआईमनमांझसबै
तेजढांपिराख्योहै ३८ एकनृपसुतासुनिअंबरीषभक्तिभाव
भर्योहियभावऐसोबरकरिलीजिये । पितासोंनिशंकह्वै
केकहीपतिकियोमैंहीं विनय मानिमेरी वेगिचिट्ठी लिखि
दीजिये । पातीलैकैचल्योविप्रछिप्रवाहिपुरीगयोनयोचाव
जान्योऔपकैसे तियाधीजिये । कहौतुमजाइरानीबैठीसत
आइमोको बोल्योनसुहाइप्रभुसेवामांझभीजिये ३९॥

गर्भसोंउदास॥पद॥हमभक्तनिसोंभूलिबिगारी। जान्यो

नहीं इतौबल इनको येहरिके अधिकारी। कमल पराग भँवरभल जानैं वहैबासना बिहारी। निपट नालके निकट भडुका भयो कीचकोचारी। काम क्रोध मद अतिशय लह मतितपबलबल्यो बिकारी। अंगीकारकिये हरिइनकोयह कछु हमन विचारी। दुर्वाशा अंबरीष आगे करीदीनता भारी। अग्रदास अभिमान पोटरी ऋषिशिरते तबडारी १ निशंक ह्वै कै॥ सवैया॥ चंदनपंकगुलाबको नीरसरोज कीं सेज उठाइधरौरी। तूलभयो तनजात नरेश यहबैरी दुकूल उतारि धरौरी। सिंधुजू कुंडसबै उपचार्यो माह तुसारके भारपरौरी। लाजको ऊपर गाज परै ब्रजराज मिलैं सबलाज करौरी २ जरिजाऊ जोलाजसो काजबिगारै ३ तिया धीजिये तियाधीजेयसै सरानी कीलौंडी पंडितकोदृष्टांत॥ चोर साहूकारको दृष्टांत॥ दोव्याहाका न्याय॥ नखीनांचनदीनांच शृंगिणांशस्त्रपाणिनां।बिश्वासोनैवकर्त्तव्यंस्त्रीषुराजकुलेषुच ४ दृष्टांत नानकशाहको४

कहीनृपसुतासोंजोकीजियेयतनकौनपौनजिमिगयोआयोकामनाहींवियाको। फेरिकैपठायोसुखपायोमैंतौजान्योयहबडोधरमझ्नवाकेलोभनहींतियाको। बोलीअकुलाइमनभक्तिहीरिझाइलियो कियोपति मुखनहींदेखो औरपियाको। जाइकैनिशंकयहबात तुममेरीकहौचेरीजोनकरौतौपैलेवौपापजियाको ४० कहीबिप्रजाइसुनि चाइभहराइगयोदयोलैखड्गयासोंफेरिफेरिलीजिये। भयोजूबिवाहउतसाहकहूंमातनाहींआईपुरअंबरीषदेखिछबिभीजिये। कह्योनवमंदिरमैंझारिकैबसेरा देवोदेहुरावभोगबिभवनानासुखकीजिये। पूरवजनमकोऊमेरे भक्तिगंधहुतियातेसनबंध पायोयहै मानधीजिये ४१ रजनीकशेषपतिभवनमें प्रवेशकियो लियोप्रेमसाथ ढिगमंदिरके आइये। बाहरी

टहलपात्रचौकाकरिरीझिरही गहीकौननजाइजामेंहोतनल खाइये । आवतहीराजादेखिलगैननिमेषकहूंकौनचोरआ योमेरीसेवालैचुराइये। देखीदिनतीनिफिरि चीन्हिकै प्र वीनकही ऐसोमनजोपै प्रभुमाथे पधराइये ४३ ॥

बाखी अकुलाइ ॥ ऋषभदेववाक्यं ॥ गुरुर्नसः स्यात्स्व जनोनसस्स्यात्पितानसस्स्यात् जननी नसास्यात् ॥दै-वंन सस्स्यात्नपतिश्चसः स्यान्नमोचयेद्यः समुपेतमृत्युं १ पति भवनमें ॥ लक्ष्मीबाक्य ॥ सर्वैपतिः स्यादकुतोभयः स्वयं समंततः पाति भया तुरंजनं । सयेकयेवेतरथामिथोभयं नै-वात्मलाभादधि मन्यतेपरं २ विनाटहलतौभक्ति प्राप्ति नहीं होइहै अनेकउपाइ करौविनाहरिकोकृपाकहौ क हांते आवै जैसे रसयनोकी रसायनिविनाटहलनहींपावै जबटहलकरिकै प्रसन्न करै तबमिलै ३॥

लईबातमानिमानोमंत्रलैसुनायोकान होतहीबिहान सेवानीकीपधराईहै। करतिशिंगारफिरिआपहीनिहारिरहै लहैनहींपारदृगझरीसीलगाईहै॥भईबढ़वारिरागभोगसों अपारभावभक्तिबिस्तारंरीतिपुरीसबछाईहै । नृपहूसुनत अबलागीचोपदेखिबेकीआयोततकालमतिअतिअकुलाईहै ४३ हरैहरैपावधरैपौरियानमनेकरैंखरैंअरबरैं कबदेखों भागभारीको । मयेचलिमंदिरलौंसुंदरनसुधिअंगरंगभी जिरहीदृगलाइरहेझरीको॥ बीणालैबजावैगावैलालनरि-झावैत्योंत्योंअतिसनीभावैकहैधन्ययहघरीको । द्वारपैन रह्योजाइगयेललचाइढिग भईउठिठाढ़ीदेखिराजागुरुह रीको ४४ वैसहीबजाओबीनतानननिनवीनलैकैंझीनसुर कानपरैंजातमतिखोइये । जैसैरंगभीजिरहीकहीसोन

जातिमोपैआयेमननैनचैनकैसेकरिगाइये ॥ करिकैअलाप चारोकेरिकैसँभारीतानआइगयोध्यानरूप ताहीमांझभोइ ये। प्रीतिरसरूपभईरातिसबबीतिगईनईकछूरीतिअहो जामेंनहींसोइये ४५ ॥

लईबात मानि ॥ गीतायां॥ जन्मांतरसहस्रेषुतपोध्यान समाधिभिः॥ नराणांक्षीणपापानां कृष्णेभक्तिःप्रजायते १ ॥ रोक्तिश्च॥पंचरात्रे ॥ नाहंबसामिवैकुंठेयोगिनांहृदयेनच मद्भक्तायत्रगायन्ति तत्रतिष्ठामिनारद २ ॥ भई उठि ठाढ़ी न्याये ॥ नराणांचनराधिपः ३ ॥ एक उपदेश कर्तागुरु ॥ एक पति परमेश्वर सोतीन नातेजानिकै उठीनहींसो इये रागी भोगीजोगिया वपुजेहीपरकाज ॥ शसनहूनको हगन से नींदै आवैलाज ॥ नासकेत॥एकाक्षरप्रदातारंयो गुरुंनैवमन्यते। श्वानजन्मशतगत्वा चांडालेष्वपिजायते४ ॥

बातसुनोरानीऔरराजागयेनईठौर भईशिरमौरअब कौनवाकीसरिहै। हमहूलैसेवाकरैंपतिमतिवशकरैधरैनि तध्यानविषयबुद्धिराखीधरिहै ॥ सुनिकैप्रसंन्नभयेअतिअ बरीपईशलागीचौफूफैलगई भक्तिघरघरहै।बढ़ैदिनदिन-चावऐसोईप्रभावकोईपलटैसुभावहोतआनंदकोभरहै४६। टीका बिदुरजीकी ॥ न्हातिहीबिदुरनारिअंगनिपखा रिकरि आइगये द्वारकृष्ण बोलिकै सुनायोहै। सुनत हीसुर सुधिडारी लैनिदरिमानों रास्योमदभरिदौरि आनिकैचितायोहै। डारिदियोपीतपटकटिलपटाइलियो हियोसकुचायोवेसबेगहीबनायोहै। बैठीढिगआयकेरा-छीलिछीलकाखवायआयो पतिखिज्योंदुखकोटिगुनोंपा-ये है ४७॥

पलटै॥ तापै दृष्टांत राजाकी बेटीको अरु फकीर को १ बीसइक्कीस अधिक ह्वैजैहैं॥ पालपरैंज्यों आव मिटैहैं १ आइ गये॥ श्लोक इंद्रप्रस्थं यमप्रस्थं अवंतिवारणः व्रतं॥ देहिमांचतुरोग्रामांपंचमोहस्तिनापुरः २ बिनायुद्धेनदातव्यंसुईअग्रनकेशव३ यद्वाक्ष्ययंमंचकद्रोभगवान्नः खिलेश्वरः॥ पौरवेंद्रगृहंहित्वाप्रविवेशात्मसात्कृतं ४॥ कवित्त॥ नहीं नाहीं करैं थोरो लागैं सबहीन कहैं मंगन को देखिपट देत बारबार हैं। जिनके मिलेते भली प्रापति की घरीहोति ऐसे करतार किये ऐसनिरधारहैं॥ भोगी ह्वै रहत बिलसत अवनी के मध्य कनकन जोरेदान पाठ परिवार हैं। सेनापति समझि बिचारिदेखौ चार दाता अरु सूम दोनों किये राक सारहै ५ दुर्योधनघर त्यागतभये॥ अपनोमानि बिदुरकेगये ६ बोलिकै॥ दोहा॥ सुधि सुरताल अरु तान की रह्योन सुरठहराइ। बेरीराग बिगारिगयो बैरीबोल सुनाइ ७ रही दहेंड़ी ढिगधरी भरी मथनियां बारि। फेरत कर उलटी रई नई बिलोवन हारि ८॥ कवित्त॥ सोवत समाधित जगाइदिये मुनिगण पशुहू चकित चित्त करै नाचरनको। गाइनिते बछरा छुटायेज पिवत छीर अद्भुत कथा तेरी कहांलौं बरनको॥ आन रूपकरी गोपी सबै है डरनि डरीतज तहांपरीते गई धरा धरनको। बांसुरी मैं तोहिपूछौं बारबार तू है लागी लाल के अधर मैं अधर मैं करनको ९॥ कवित्त॥ फूली सांझ के सिंगार सूहो सारी जुहीहार सोने सी लपटी गोरी गौने कोसी आईहै। आलस न फेरफंद जाने कछू चंदमुखी दीपक बरावन को नंदभवन लाईहै। ज्योति के जुरत हीमेंजुरे नैनाढुरे जाइ चातुरी अचेतभई चितयो कन्हाईहै। बाती रहीहाती छबि छाती रस मातीपर पागुरी भईहैसति आंगुरीलगाईहै १ गीतायां॥ पत्रंपुष्पंफलंतोयं योमेभक्त्या प्रयच्छति। तदहं भक्त्युपहृतम श्नामिप्रयतात्मनः॥ सवैया॥सहीसीसारीसुहाईहैसांझमेंनैननमांझमिलानमई

है।कोहैकहांकीहै कौनकीहैघर कौनकेआईनवेलीनईहै।
ठौरठगेउँमगेसेमसारप रीझिरहेआलीभेंटभईहै। कोब-
लियागलियामेंगई सुदियालैगई सोजियालैगईहै ३ प्रेम
कोविचार॥ तत्सुखस्वसुख॥ दोहा॥ पूजिभवानीभाईसों
मांगतयहवरदेऊ॥ व्रजमेंसुंदरसांवरो हमसोंकसनेऊरै ४
सवैया॥ हमकूंतुमएक अनेकतुम्है उनहींकेविवेकवनाइ
बहौ। इतचाहतिहारी तिहारीउतै घरबाहरप्रेमसदा
निबहौ। मनभावेसुमारपसोईकरौ अनुरागलताजिनवो
यदहौ। घनश्यामसुखीरहौआनंदमें रहौनीकेरहौउन-
हींकेरहौपूनाकचढ़ैसीवीकरै जितैछवीलोछैल॥ फिरिफि
रिभूलवहैगहैपियककरीलीगैल ६ ततबेतातिऊंलोकमेंभो
ननकियेअपार॥केसिवरीकेबिदुरघरकचिमानीहैवार १॥

प्रेमकोविचारिआपलागेफलसारदैन चैनपायोहिये
नारिबड़ीदुखदाईहै। बोलेरीझिश्यामतुमकीनोबड़ोकाम
ऐपैस्वादअभिरामवैसीवस्तुमैंनपाईहै। तियासकुचाइकर
काटिडारौंहाइप्राण प्यारेकोखवायछीलिछीलकानभाईहै
हितहीकीबातदोऊकोऊपारपावैनाहिं नीकेलैलड़ावैसोइ
जानैंयहगाईहै ४८टीका॥सुदामाजूकी॥ बड़ोनिशिकामसे
रचूनहूंनधामढिगआईं निजबामप्रीतिहरिसोंजनाईहै।सु
निशोचपरेउहियोखरोअरबरेउ मनगाढ़ोलैकैकरेउबोल्यो
हांजुसरसाईहै । जावोएकबारवहबदननिहारिआवोजो
पैकछुपावोलावोमोकोसुखदाईहै।कहीभलीबातसबलोक
मेंकलंकहवैहैजानीपतियाहीलियेकीनोमित्रताईहै ४६॥

मित्रताई॥ कवित्त॥ बोल्योमुसिकाइ नारिबावरी
कहांधौआई मोतनिपैमांगे सोकपूतनिकोरावहै। गिरि

हूंतेमारे ऐसेदारिदहमारेभागदई फिटकारे तिन्हेंकहौ कहांडारमहै,खैरकोनटाटोऐसोआपदाहैमाटोसात थेग-रीकछाटोसोसुदामानेरोनामहै । नौलौंगावैंध्यासबन मांगेपावैंभीषकन तौलौंमानिलोजैभिरछचनकोछामहै २ आवतिहैलाज भारीजातव्रजराजजूपै बसनसमाजदेखि खरोमरिजाइये । एकहीपिछौरासोतौठौरठौरफाटि रही आोढ़िये निशाकोजासोंप्रातउठिन्हाइयै। भेंटऐसी नाहिं जोलैजाइयेभगवंतजूपै अंतअभई हैनारिकौलौंसम-भाइये । देहपरमांसजौलौंनाभिकाउँश्वासतौलौं बड़ो उपहासमांगि मीतनसताइयै ३॥

तियासुनिकहैकृष्णरूपकयोंन चहै जाहिदहैदुखआप-होसोंबचनसुनायेहैं। आईसुधिप्यारेकीबिचारैमतिटारैतब धारेपगमगझूमिद्वारावतीआयेहैं। देखिकैबिभूतिसुखउप ज्योअभूतकोऊ चल्योमुखमाधुरीकेलोचनतिसायेहैं। डर पतिहियाड्योढ़ीलांघिमनगाढ़ाकियो लियोकरचाहतब तहांपहुँचायेहैं ५० देख्योश्यामआयोमित्रचित्रवतरहेनेकु हितकोचरित्रदौरिशेयगरेलागेहैं। मानोएकतनभयोल-योऐसेलाइछाती नयोयहप्रेमछुटैनाहिंअंगपागेहैं। आई दुवराईसुधिमिलनिछुटाईताते आनँजलरानीपगधोये भागजागेहैं । सेजपधराइगुरुचरचाचलाइसुख सागर बड़ाइआइअतिअनुरागेहैं ५१

आईसुधि॥ सवैया॥ हेकरतारहौं तोसोंकहौं कबहूं जनिदोजिये काहूकेटोटो। औरलिखौनिनिकाहूकेभाग में भालकेकाजैं महीपनिपोटो। तूहूतौजानतहै अपनेजिय मांगिबेतैं कछुऔर न खोटो जागयो मांगन तूबलिद्वारतौ याहीते ह्वैगयो बावनछोटो १ मतिमांगि मतिमांगि ना-

कोनाम मांगना २ मनगाढ़ोकियो ॥ दोहा ॥ मोंमरनैं कोनेमहै मरौंतौ हरिकेद्वार ॥ कमहूंतौ हरिबूमिहैं कौन मरौदरबार ३ ॥ सवैया ॥ कैसेबिहाल बिंवाइनसोंपग कंटकजाल गड़ेपुनिजोये । हायमहादुखपायोसखातुमआये इतैन कितैदिनखोये । देखिसुदामाकीदीनदशा करुणाकरिकै करुणानिधिरोये । पानीपरातकोहाथछुयोनहीं नयननके जलसोंपगधोये ३ ॥

चिरवाछिपायेकांखपूछेंकहालायेमोकों अतिसकुचाये भूमितकैंदगभीजेहैं । खैंचिलईगांठिमुठीएकमुखमांझदई दूसरीहूलेतस्वादपायोआपरीझेहैं । गह्योकररानीसुखसानीप्यारीबस्तुयहै खावोबांटिमानोश्रीसुदामाप्रेमधीजेहैं । श्यामजूबिचारिदीनीसंपतिअपारबिदा भयेपैनजानीसारबिछुरनछीजेहैं ५२ ॥

